शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 79 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 15 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 2024 की तैयारी, भाजपा का घोषणापत्र जारी

## भाजपा के घोषणा पत्र में यूसीसी का वादा, 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा- हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए। इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।



**गरीब को लूटने वाले जेल जा रहे हैं**

पिछले 10 साल में भ्रष्टाचार पर भाजपा सरकार ने कितनी बड़ी कड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार गरीब, मध्यमवर्ग का हक छीनता है। हजारों करोड़ के घोटाले बंद हुए हैं और गरीब को हक मिल रहा है। गरीब को लूटने वाले जेल जा रहे हैं। निरंतर सख्त कार्रवाई होती रहेगी, ये मोदी की गारंटी है। लाल किले से कहा था कि यही समय है-सही समय है। आने वाले एक हजार वर्षों के लिए भारत के भविष्य को तय करने वाला ये उत्तम से उत्तम अवसर है, उत्तम से उत्तम समय है। भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के नतीजे के बाद तुरंत तेजी से काम शुरू हो जाएगा। सरकार पहले ही 100 दिन के एक्शन पर काम कर रही है। 140 करोड़ लोगों की अपनी एम्बिशन मोदी का मिशन है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सीएए लाए, 370 को हटाया**

आज आपने देखा कि भाजपा का ये संकल्प पत्र ऐसी ही एक सरकार की गारंटी देता है। विश्व बंधु के तौर पर मानवता के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। भाजपा देश हित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती। हमारे लिए दल से बड़ा देश है।

## यूनिफॉर्म सिविल कोड देश हित के लिए जरूरी: भाजपा

**नारी** शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है। 370 को हटाया और सीएए लेकर आए। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर और तेजी से आगे बढ़ेंगे। गुड गवर्नेंस, डिजिटल गवर्नेंस और डेटा गवर्नेंस के लिए देश में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे। वन नेशन और वन इलेक्शन को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी हम देश हित के लिए जरूरी समझते हैं।



स्पेस में बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे

स्पेस में बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे। रोडमैप से आगे बढ़ेंगे। ये भारत के यूथ के लिए इतनी सारी ऑपर्च्यूनिटीज लेकर आएगा, जिसकी कल्पना भी नहीं होगी। विश्व में अनिश्चितता है, युद्ध के हालात हैं, तनाव है।

### किसानों के लिए क्या

- कीटनाशक के प्रयोग, सिंचाई, सॉइल हेल्थ, मौसम पूवार्नुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत
- कृषि डीटेलाइट की लॉन्चिंग
- कृषि में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर।
- कृषि में सूचना की विसंगति को हटाना और किसान केंद्रित समाधान एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास।
- **पीएम किसान योजना से किसानों को मजबूती:** किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी।
- प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी।
- दाल और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता।
- सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर।

### महिलाओं के लिए क्या

- एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा।
- महिला एसएचजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला एसएचजी उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा।
- औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।
- महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव।
- एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर किया जाएगा।

### देश के चारों कोने में बुलेट ट्रेन चलाए जाएंगे

- टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता।
- कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार।
- विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण।
- आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार।
- विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार।
- आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन की शुरुआत। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का विस्तार।
- नई रेलवे पटरियों का निर्माण।

## किसान सम्मान निधि का लाभ जारी रहेगा

**धरती मां** की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा। भारत रिवोल्यूशनी काम शुरू किया है और सफलता मिली है। नैनो यूरिया पर जोर दिया जाएगा। किसान समृद्धि केंद्रों का विकास किया जाएगा। संकल्प फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का है। फायदा होगा और रोजगार पैदा होंगे। ये ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नए इंजन बनेगें।



**भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी**

भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी। ये क्रांतिकारी दिशा में बढ़ने वाले हैं। देशभर में डेयरी सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। कुछ महीने पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना शुरू हो चुकी है। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने के लिए हम श्री अन्न पर फोकस करने वाले हैं। श्री अन्न पैदा करने वाले 2 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को लाभ होगा। दलहन-तिलहन में किसानों को मदद करेंगी। सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर्स बनाएगी। फिशरीज के लिए नए प्रोडक्शन और प्रॉसेसिंग क्लस्टर्स बनाए जाएंगे।

**किसान सम्मान निधि का लाभ जारी रहेगा**

भाजपा ही है जो किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में हमारे पशुपालक और मछुआरों को जोड़ा है। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ भी देश के 10 करोड़ किसानों को आगे भी मिलेगी।

**महिला खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए विशेष प्रोग्राम**

महिला खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए विशेष प्रोग्राम और विशेष सुविधाएं बनाई जाएंगी।

## एविएशन सेक्टर पर जोर, सैटेलाइट टाउन बनाएंगे

**वंदे** भारत का विस्तार करेंगे। वंदे भारत के 3 मॉडल चलेंगे। वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम पूर्ण हो रहा है। उसी तरह से आने वाले समय में उत्तर भारत में एक बुलेट ट्रेन, दक्षिण में एक बुलेट ट्रेन और पूर्वी भारत में एक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट चलाएंगे।



**एविएशन सेक्टर पर जोर**

एविएशन सेक्टर पर भी जोर है। एक हजार से ज्यादा नए विमान का ऑर्डर दिया है। अपने साथ रोजगार की संभावनाएं लाएंगे। ये सेक्टर छोटे शहरों में रहने वाले युवाओं के लिए ड्रीम सेक्टर बनेंगे।

**सैटेलाइट टाउन बनाएंगे**

इनका मजबूती से विस्तार पुरानी सोच से अलग है। स्केल और स्पीड इतनी बढ़ेगी कि स्कोप भी बढ़ जाएगी। ये प्राथमिकता है। अर्बनाइजेशन शहरीकरण को पहले की सरकारें चुनौती माना करती थीं। भाजपा उसमें अवसर देखती है। सैटेलाइट टाउन बनाएंगे, जो रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे।

**सोशल, फिजिकल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेंगे**

21वीं सदी के भारत की बुनियाद के लिए भाजपा 3 इन्फ्रास्ट्रकचर्स से मजबूत करेगी। सोशल, डिजिटल और फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर। सोशल- नए इंस्टिट्यूट, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक ड्राइवर्स के लिए हाईवे के पास रेस्ट के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर्स डेवलप करने जा रहे हैं। फिजिकल- हाईवे, रेलवे, एयरवे, वाटरवे को आधुनिक बना रहे हैं। डिजिटल- 5 जी विस्तार, 6 जी पर काम, इंडस्ट्री 4.0 के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रहे हैं, सर्विसेस को ऑनलाइन कर रहे हैं। डठऊ और टेली मेडिसिन का विस्तार कर रहे हैं।

**टूरिज्म को बढ़ाने पर काम किया जाएगा**

देश में टूरिज्म का जो पोटेंशियल है, उसे भी अनलॉक किया जाना बाकी है। भाजपा ने विश्व प्रवासी ग्लोबल टूरिस्ट को हमारी विरासत से जोड़ा जाएगा।

## चुनाव के दौरान निजी जेट्स-हेलीकॉप्टर की मांग 40% तक बढ़ी, खर्च 1.5 से 1.7 लाख रुपये प्रतिघंटा

**नई दिल्ल**

**लोकसभा** चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है। चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक एयरक्राफ्ट के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख रुपये का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं।

**चार्टर्ड विमानों की मांग पिछले चुनावों की तुलना में अधिक**

रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, "सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।" उन्होंने आगे कहा, "उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है।" मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चार्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। बाली ने आगे कहा, "आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं।" आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, "एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80,000 से 90,000 रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3.5 लाख रुपये तक हो जाती है।"

## ईरान से तनाव का भारत-इस्राइल उड़ानों पर असर, अस्थायी तौर पर निलंबित कीं फ्लाइट्स




नई दिल्ली

ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे तनाव के बीच भारतीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। एयरलाइंस ने भारत और इस्राइल के बीच आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया है। बता दें कि सीरिया के ईरानी दूतावास में हुए हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए हैं, जिसके बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हो गया है।

**एयर इंडिया ने क्या कहा?**

इस बात की संभावनाएं पहले से थी कि ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ रहे तनाव का असर हवाई सेवाओं पर पड़ेगा। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच उड़ानें फिलहाल निलंबित रहेंगी। बता दें कि एयर इंडिया द्वारा दिल्ली से इस्राइल के लिए सप्ताह में चार उड़ानें संचालित की जाती हैं। इससे पहले 7 अक्टूबर 2023 को विमानन कंपनी ने इस्राइल और हमास के बीच तनातनी को देखते हुए अस्थाई तौर पर उड़ानें रोकने का फैसला लिया था। पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद 3 मार्च को इस्राइल के लिए फिर से हवाई सेवाएं शुरू की गईं लेकिन अब इन्हें फिर से निलंबित किया गया है। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी एयर इंडिया का कहना है कि हम मध्य पूर्व के हालातों पर करीबी से नजर रख रहे हैं। बता दें कि एयर इंडिया द्वारा यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व में उड़ानों का संचालन किया जाता है।

## जनता का हर एक वोट 400 पार के नारे में सहायक सिद्ध होगा: धामी

**देहरादून**

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से निकली समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की गंगा देश के कोने-कोने तक जाएगी। लोकसभा चुनाव 'परिवार प्रथम' वाले विपक्ष और राष्ट्र प्रथम की सोच वाले सत्तापक्ष के बीच है। प्रधानमंत्री मोदी नेतृत्व में हम बिना रुके बिना थके राज्य के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। जनता का हर एक वोट 400 पार के नारे में सहायक सिद्ध होगा। रविवार को नैनीताल लोकसभा के अंतर्गत चटियाफार्म खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



इससे पहले मुख्यमंत्री ने बैंक्वेट हाल से चटियाफार्म तक रोड शो और बाइक रैली में प्रतिभाग किया।

इस दौरान उन्होंने कई लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। मुख्यमंत्री धामी ने 'बाबा भीमराव आम्बेडकर' की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि खटीमा को हम मिनी इंडिया कहते हैं। खटीमा मेरी कर्म भूमि है। 2024 के लोकसभा चुनाव का संकल्प पत्र भाजपा ने जारी कर दिया है।

## भाजपा का घोषणा पत्र विकसित भारत का संकल्प पत्र: गिरिराज

**पटना**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भाजपा के घोषणा पत्र सह संकल्प पत्र को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताया है। गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को ध्यान में रखकर यह संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा के इस संकल्प पत्र को युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को ध्यान में रख कर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन भी होगा और एक मतदाता सूची होगी। इसके साथ ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लागू किया जाएगा। जब यह लागू होगा तो एक देश एक कानून होगा। 370 हटाने के बाद कई बाधाएं हैं उसको दूर किया जाएगा। अगले 5 वर्ष की योजना 10 साल की योजना है। 2047 में जब भारत की आजादी का सौ वर्ष होगा तो भारत विकसित भारत होगा।

## 'अपराधियों को उस लायक नहीं छोड़ूंगा कि उत्तर प्रदेश की सीमा क्रास कर पाएं'

**देहरादून**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को देवभूमि पर अपनी जन्मभूमि पौड़ी गढ़वाल में जमकर दहाड़ लगाई और कांग्रेस को हर तरह से घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती थी कि राम तो हुए ही नहीं। आज जब अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त होकर प्रभु श्रीराम का मंदिर बन गया है तो अब कांग्रेस के लोगों के स्वर बदल गए हैं। वे कहते हैं कि राम तो सबके हैं। देखिए ये कितने बहुरूपिया हैं। पहले कहते थे राम तो हुए ही नहीं और आज कहते हैं राम तो सबके हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन मांगने उत्तराखंड आए मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में एनआईटी मैदान श्रीनगर में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आस्था और युवाओं की आजीविका के साथ खिलवाड़ करने के साथ देश की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया है। एक गरीब के ऊपर सरकार का जो संरक्षण होना चाहिए था, उसका भी इन्होंने मजाक उड़ाने का काम किया था। योगी ने कहा कि चेहरा देखकर ये योजनाओं का लाभ देते थे। कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है तो फिर 1947 में विभाजन क्यों करवाया था। किसी ने प्रश्न क्यों नहीं पूछा कांग्रेसियों से पूछो भारत का नागरिक कहां जाएगा।



योगी ने कहा कि कभी-कभी कुछ लोगों को गफलत होती है कि उत्तर प्रदेश के अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति से वे उत्तराखंड में ना चले जाएं, लेकिन मैं पहले ही आश्वस्त करता हूं कि माफिया और अपराधियों को उस लायक छोड़ूंगा ही नहीं कि वे उत्तर प्रदेश की सीमा क्रास कर पाएं।

**कांग्रेस के लिए परिवार प्रथम और मोदी के लिए राष्ट्र प्रथम**

योगी ने कहा कि कांग्रेस के लिए परिवार प्रथम है और मोदी के लिए राष्ट्र प्रथम है। एक तरफ स्वार्थ का परिवार है तो दूसरी तरफ मोदी का परिवार है। एक तरफ देश को अलगाववाद, आतंकवाद और अजराकता, भ्रष्टाचार के आगोश में ले जाने की कांग्रेस की गारंटी है तो दूसरी तरफ भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने की मोदी की गारंटी है।

**उत्तर प्रदेश से 80 तो उत्तराखंड से पंच कमल की माला मोदी के हवाले करेगी जनता**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सभी 80 लोकसभा सीट मोदी के हवाले करने जा रहा है। मोदी ने ऋषिकेश से उत्तराखंड वासियों का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड से पंच कमल की माला चाहिए। विकास के लिए जनता ने आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि पहले कोई केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की चर्चा भी नहीं करता था। वहां का पुनरुद्धार हो, आधुनिक सुविधाएं मिलें।

सरकार भी उस योजना का हिस्सा बने, ऐसी कोई योजना नहीं था। कांग्रेस ने मंदिरों के पैसे को धर्मांतरण के कार्यों में लगाया और मदरसा निर्माण में खर्च कर दिया। उन्होंने कहा कि आज आप अयोध्या आएंगे तो, जो पांच-सात वर्ष पहले गया होगा वो आज अयोध्या आएगा तो उसको साक्षात त्रेतायुग की अयोध्या सा अहसास होगा। प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख लोग अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन कर रहे हैं। अयोध्या के विकास के साथ सुविधा और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम हैं।

# दो दिग्गज नेताओं के बेटों में होगा महा-मुकाबला, किसके सिर होगा ताज

**प्रदीप कुमार**


नीरज त्रिपाठी | उज्ज्वल रमण सिंह

**मांडा।** लोकसभा चुनाव में प्रयागराज की सीट पर दो दिग्गज नेताओ का परिवार आमने-सामने है। एक तरफ स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी तो - दूसरी तरफ रेवती रमण सिंह के नाम को भुनाने की कोशिश की जाएगी। दोनों नेताओं में एक भाजपा के गद्दावर नेता तो दूसरे सपा के कद्दावर नेता होने के नाते कांटे की टक्कर होगी। दोनों परिवार के बेटों के बीच होने वाले इस महा मुकाबले में किसके सिर ताज होगा। फिलहाल अभी यह कह पाना मुश्किल है। प्रयागराज (इलाहाबाद) और फूलपुर की सीट पर टिकट को लेकर चल रही अटकलों को बुधवार को पार्टी ने विराम लगा दिया। भाजपा ने प्रयागराज सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। सपा और कांग्रेस के गठबंधन से इस सीट पर प्रत्याशी के रूप में सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह के बेटे पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वहीं प्रयागराज की सीट पर भाजपा ने दिग्गज और बड़े नेता राज्यपाल रहे स्व. पं. केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे हाईकोर्ट के अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है।

**राजनीतिक पृष्ठभूमि से दोनों परिवार मजबूत :** स्वर्गीय पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी और रेवती रमण सिंह दोनों ही राजनितिक पृष्ठभूमि से मजबूत हैं। पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी अशोक नगर के रहने वाले थे। भाजपा से विधान सभा अध्यक्ष, विधायक होने के साथ ही पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी रहे। जबकि रेवती रमण सिंह करछना के बरांव के रहने वाले है। सांसद होने के साथ राज्य सभा सांसद और मंत्री होने के साथ सपा मुखिया स्व. मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी है। भले बाद में अखिलेश यादव के मनमुटाव होने के बाद सपा से कुछ दूरियां बनी। लेकिन बाद में सपा और कांग्रेस के गठबंधन के बाद उज्वल रमण ने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया। यमुनापार में दोनों नेताओं का वर्चस्व रहा है।

**जातीय समीकरण में उतारा गया उम्मीदवार :**
प्रयागराज और फूलपुर दोनों सीटों पर जातीय समीकरण को देखते हुए उम्मीदवार को उतारा गया है। इलाहाबाद सीट से ब्राह्मण और फूलपुर सीट से पटेल प्रत्याशी को टिकट दिया गया है। टिकट की घोषणा होने के बाद अब चुनावी माहौल गरमा गया है। इस चुनाव को लेकर अब प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंकना शुरू कर दिया है। मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय के प्रांगण में डॉ. बीआर अम्बेडकर के जयंती समारोह में उमड़ा जनसैलाब

## भारद्वाज गुरुकुलम में लोगों ने मनाई अंबेडकर की जयंती

**सहसों।** क्षेत्र के भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में रविवार को संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बहुत ही आदर के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित करके हर्षोल्लास से लोगों साथ नमन एवं याद कर जयंती मनाते हुए कहा कि भारत रत्न, भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब के द्वारा देश के लिए किए गए कार्य उनके द्वारा देशवासियों को दी गई शिक्षाएं, राष्ट्र के लिए गरीब, शोषित, वंचित, पीड़ित, अपेक्षित लोगों के लिए शिक्षित करते एवं उन्हें इस योग्य बनाया कि वह देश की खुली हवा में सांस ले सकें और सम्मानपूर्वक जीवन जी सके। उन्होंने कहा आज हमें उनकी शिक्षा एवं शिक्षाओं को आत्मसात करके समाज को आगे बढ़ना चाहिए । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप कुमार दुबे, अमन कुमार मिश्रा भीम, गोविंद सिंह, अखंड प्रताप सिंह, सलीम टाइगर, मोहम्मद यूसुफ, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, विपुल शुक्ला, विपिन उपाध्याय सहित आदि लोग नमन करते उपस्थित रहे।

## जसरा में आयोजित हुआ जसरा साहित्य महोत्सव




**जसरा।** जसरा में आयोजित जसरा साहित्य महोत्सव के अवसर पर जमा हुए राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकारों ने आज साहित्य की दशा और दिशा पर चिंतन किया। इस अवसर पर जम्मू से पधारीं प्रोफेसर डॉ०सुषमा रानी को डॉक्टर एम गोविंद राजन भाषा सेतु सम्मान से जहां सम्मानित किया गया वहीं पर पांच अन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया तथा पुस्तकों का हुआ विमोचन किया गया। रविवार को जसरा साहित्य महोत्सव के अवसर पर जम्मू से आई हुई प्रोफेसर डॉ सुषमा रानी को जहां डॉक्टर एम गोविंद राजन भाषा सम्मान से सम्मानित किया गया वहीं पर कमलाकर सिंह को ग्रामोदय पत्रकारिता सम्मान तथा आनंद अमित को जी आर प्रजापति साहित्य सम्मान तथा दिनेश प्रताप सिंह को बाबू देवकरण सिंह पटेल स्मृति कथा साहित्य सम्मान व राधिका मिश्रा को जमुई खां आजाद स्मृति अवधी सम्मान से सम्मानित किया गया। जसरा ब्लाक परिसर पर प्रारंभ हुए कार्यक्रम में देश स्तर के साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सखी आंखें ज्ञान की तथा अपने सेहत अपने हाथ और प्रकृति हमारी सहचर है के साथ बूझो तो जानें पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों ने आज साहित्य की निरंतर गिरती हुई दशा पर चिंता व्यक्त किया तथा यह भी कहा कि बिना साहित्य को जिंदा रखें हम अपनी संस्कृति को जिंदा नहीं रख सकते। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विज्ञान परिषद प्रयागराज के प्रधानमंत्री डॉ० शिव गोपाल मिश्रा ने आज की साहित्यिक दशा और दिशा पर चोट किया। उन्होंने प्रज्ञा की साहित्य की धरोहर विज्ञान परिषद के बंद किए जाने पर साहित्य जगत के लिए गहरा निराशा प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी सत्यानंद त्यागी तथा संचालन राम लखन प्रतापगढ़ी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक विजय चितौरी, शंकर लाल साहू ,अमरनाथ सिंह, राजेन्द्र शुक्ल,सुरेंद्र कुमार केसरवानी ,फूलचंद पटेल, आनंद जायसवाल ,राजेंद्र प्रसाद पटेल ,राम निहोर पाल दिनेश प्रजापति ,राम धीरज ,सुनीत श्रीवास्तव, ज्योति भाई, के के मिश्रा, बब्बन सिंह ,शंकर लाल मधुकर, छेदीलाल साहू ,बेचन लाल विनोदी, दिनेश पटेल ,अजय साहू ,नरेंद्र जायसवाल ,अमर बहादुर पटेल, अजय कुमार ,महेंद्र श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## जंघई जंक्शन पर यात्री से मार-पीट में सिर फटा, मोबाइल भी छिना



**जंघई।** गोदान एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा मुंबई से चलकर रविवार को जंघई जंक्शन पहुंचे एक यात्री से आधा दर्जन लोगों ने वाद-विवाद मार-पीट करके मोबाइल छिन लिया।भुक्तभोगी ने जीआरपी जंघई को लिखित सूचना देते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। बरसठी थानांतर्गत चकदोस्त गांव निवासी मिथिलेश कुमार यादव पुत्र काशीनाथ यादव का विवाह 26 अप्रैल को होना तय है। मिथिलेश रविवार को गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से जंघई उतरकर प्लेटफार्म नंबर पांच पर उत्तर दिशा में पहुंचा ही था कि तभी आधा दर्जन अज्ञात लोग उसके आगे खड़े हो गए मिथिलेश ने रास्ता देने के लिए उन्हें हटने को कहा तभी कुछ लोग उसे मारने पीटने लगे और जेब में रखे कुछ रुपए और 2 मोबाइल छीनकर भाग गए। दिन दहाड़े सार्वजनिक स्थल पर हो रही छीना झपटी और मारपीट से मिथिलेश का सिर फट गया। इस संबंध में जीआरपी प्रभारी जंघई अली अतहर ने कहा कि मैं वाराणसी मीटिंग में आया हूं मामला संज्ञान में आया है, जंघई पहुंचने पर जांच करके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय के प्रांगण में डॉ. बीआर अम्बेडकर के जयंती समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**अखण्ड भारत संदेश**

133वीं जयंती डॉ. बीआर अम्बेडकर की धूमधाम से मनाई गई

पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने डॉ.बीआर अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते उन्हें संविधान निमार्ता बताया

भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी संविधान के शिल्पकार व गरीब, शोषित, वंचित समाज के चिन्तक थेः मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के करछना अंतर्गत 14 अप्रैल को मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय पनासा पुतरिहा में डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती एवं समरसता भोज के आयोजन में उमड़ा जनसैलाब ने बाबा साहब के गीत व नारे बाजी से गुंजायमान कर दिया। रविवार को करछना क्षेत्र के पनासा पुतरिहा गांव में स्थित मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय के प्रांगण में बड़े धूम धाम से डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर डॉ. बीआर अम्बेडकर के छाया चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर मंच के माध्यम से उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे संविधान निमार्ता हैं। जो आज करोड़ों लोगों को हक सम्मान दिलाने का अधिकार दिलाया है। इसी क्रम में सपा विधायक मेजा संदीप पटेल ने उनके छाया चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी संविधान के शिल्पकार थे और गरीबों, दलितों, आदिवासियों, वंचितों के चिन्तक थे। जो आज तक किसी ने नहीं किया वह बाबा साहब ने किया है इस लिए हम सभी उन्हें याद करते हैं और उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, हरिश्चंद्र सिंह,इंजी जगदीश यादव,कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरूण तिवारी , प्रधान सुधीर यादव उर्फ बबलू, प्रधान दिनेश सोनकर, प्रेम शंकर पटेल,मनोज कुमार, जय सिंह पटेल, राजधर वकील, कमला शंकर ओझा, कन्हैया लाल, अखिलेश सोनकर, धीरेन्द्र दूबे, छोटे लाल शर्मा, प्रधान नागेंद्र प्रसाद पांडेय, लाल मणि यादव, भोला नाथ सोनकर,गार्ड बाबू गायिका रेनू रोशनी आदि हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। वहीं महाविद्यालय के प्रबंधक रणजीत सोनकर ने डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जयंती एवं समरसता भोज समारोह में उमड़ा जनसैलाब देख भावविभोर हो गए और उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के संघर्षों से बारे में बताया।

## न्यूज झरोखा

### रहस्यमय परिस्थितियों में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख



**मांडा।** क्षेत्र के टिकापुर में रहस्यमय तरीके से आग लग जाने से घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। बता दे कि मांडा थाना क्षेत्र के टिकापुर निवासी मिथिलेश मिश्रा के घर में रविवार को अचानक आग लग गई आग इतना भयावह था कि देखते ही देखते पीड़ित के घर में रखा हुआ गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई।

### अंबेडकर जयंती के अवसर पर लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई अमृत सरोवर का भव्य उद्घाटन




**करछना** विकास खंड के ग्राम पंचायत बस्तर में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल अमृत सरोवर का बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर भव्य रूप में उद्घाटन किया गया ग्राम प्रधान कृष्णदेव वह समस्त ग्राम वासियों के साथ संपन्न हुआ उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने गाजे बाजे एवं डीजे के साथ गांव में प्रभात फेरी निकाली गई और पंचायत भवन का उद्घाटन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ और डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया गया।

### महाकालेश्वर मंदिर से चोरी हुआ समान बरामद




**झूंसी।** बसंत बिहार कालोनी स्थित महाकालेश्वर मंदिर से चोरी समान पुलिस ने बरामद के एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज छतनाग कपिल कुमार चहल ने रविवार को टीकरमाफी मोड़ से मुखबिर की सूचना पर निबैया निवासी फूलचंद्र यादव को गिरफ्तार कर उसके पास से घण्टा, मंदिर का बर्तन व पांच हजार रुपये नगदी बरामद किया। उन्हेंने बताया कि फूलचंद्र ने दो महीने पहले झूंसी बसंत बिहार कालोनी स्थित महाकाल मंदिर से यह समान चोरी किया था।

### पंचायत सभागार सोनाई में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती



**करछना** प्रयागराज विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत सभागार सोनाई में प्रधान श्रीमती मंजू लता श्रीवास्तव पत्नी दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई ग्रामीणों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन से उन्हें याद किया और उनके पद चिन्हों पर चलने की लोगों से अपील किया, साथ ही उनके बिषय में विस्तार पूर्वक लोगों विस्तृत जानकारी दी गई इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, इसी क्रम में ग्राम पंचायत बस्तर से ग्रामीणों ने बाजे गाजे एवं बीजे के साथ रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया और पंचायत भवन पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित याद किया इस अवसर पर प्रधान कृष्णदेव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## घूरपुर में आटो पार्ट्स की दुकान में हजारों की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र मे चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की रात फिर सेमरा कल्बना में स्थित एक आटो पार्ट्स की दुकान पर, चोरों ने लगभग 70 हजार की चोरी कर इस घटना को अंजाम दे कर पुलिस को चुनौती दे दी है।घटना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरा कल्बना की है जहां डाक बंगला के पास स्थित विशाल आटो पार्ट्स की दुकान में चोरों ने तालातोड़ कर लगभग 70 हजार की चोरी कर चोरों ने इस घटना का बखूबी अंजाम दिया है, डाक बगला के बगल मेन हाई वे पर ही आटो पार्ट्स की दुकान है, विनय केसरवानी पुत्र बंशीलाल केसरवानी जो मनकावर के मूल निवासी हैं रात को अपनी दुकान बंद करके घर चले गए जब सुबह हुई तो दुकान खोलने के लिए वापस आए तो सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था दुकान में रखे लगभग 4 हजार रुपए कैश, व दुकान पर रखे ऑटो पार्ट्स,जैसे, बैटरी,मोबाइल, चैन, चैन किट, ब्रेक शूज,इत्यादि उठा ले गए, बगल में ही 500 मीटर की दूरी पर घूरपुर थाना है अब चोरों को नहीं रहा पुलिस का डर फिलहाल पीड़ित ने घूरपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर,उचित कार्यवाही की मांग की है।

## भिलोर यमुना घाट पर मजदूर की मौत

**लालापुर।** क्षेत्र के भिलोर गांव में यमुना बालू खनन का पट्टा है।जहां यमुना बालू खनन किया जाता है।घोघापुर महेवाघाट जनपद कौशांबी निवासी इन्द्रराज निषाद उर्फ बुद्दी पुत्र रामसुमेर उम्र करीब 20 वर्ष यमुना बालू का काम करता था।मजदूर साथियों ने बताया कि रविवार को काम करने के खाना खाकर सोने चला गया था।भोर में घाट पर ही यमुना नदी में तैरता हुआ दिखाई दिया तो तत्काल उसको अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।साथी मजदूरों ने लालापुर पुलिस को सूचना दिया तो थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र पहुंचे और परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम के बाद क्लीयर होगा उसके बाद घटना की सच्चाई सामने आयेगी।

## नवरात्र के छटवा दिन रविवार को मसुरियन धाम में भक्तो ने की पूजा

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव स्थित सिद्धपीठ मसुरियन धाम में नवरात्र के छटवा दिन रविवार को भक्तो ने मां की पूजा अर्चना की । धाम में पहुंचे भक्तो की जय घोष से इलाका भक्तिमय हो गया। अमिलिया गांव में मां मसुरियन का प्राचीन मंदिर है । मंदिर में वर्ष के दोनो नवरात्र के साथ अगहन मास में एक महीने तक मेले का आयोजन किया जाता है । इस मंदिर में जनपद के अलावा आस पास के कौशांबी,फतेहपुर,चित्रकूट आदि जनपदों के भक्त दर्शन पूजन के लिए आते है । लोगो की मान्यता है कि मां का दर्शन पूजन करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।चैत्र नवरात्र के छटवा दिन रविवार दिन होने के चलते मां के दर्शन पूजन करने वाले भक्तो की भीड़ पहुंची । भक्तो ने दर्शन पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया । इस बीच मां के जयकारे भी लगते रहे ।

## चोरी के विद्युत तार के साथ दो पकड़े,भेजा जेल

**लालापुर।** इलाकाई पुलिस ने प्रतापपुर गांव के पास से चोरी के दो बंडल विद्युत अलमुनियम तार के साथ दो लोगो को पकड़ चोरी की धारा में जेल भेजा है। लालापुर थाना के उपनिरीक्षक अमित कुमार यादव रविवार के दिन इलाके में गस्त पर थे ।इसी बीच प्रतापपुर गांव के पास चोरी के विद्युत तार के सात दो युवक दिखाई दिए तो पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया और पूंछ तांछ की तो दोनो ने तार चोरी करने की बात स्वीकार कर लिया।पुलिस ने दोनो अभियुक्त कल्लू पुत्र स्व शिव मूरत निवासी नौढ़िया तरहार व कृष्णा प्रसाद पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी नंदा का पूरा थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।

## रक्तदान जीवनदान :महापौर

निर्बल कल्याण ट्रस्ट के द्वारा ठाकुर दिन के हाथा बहादुरगंज श्री ठाकुर दिन ट्रस्ट धर्मशाला के प्रांगण में रक्तदान शिविर का उद्घाटन महापौर गणेश केसरवानी ने और कहा कि जो व्यक्ति रक्तदान करता है वास्तव में किसी जीवन को बचाने का काम करता है और समाज के हर व्यक्ति को रक्तदान अभियान से जुड़ना चाहिए जिससे कि वह किसी का जीवन बचा सके उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन दान है और उत्तम कार्य है 58 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के संयोजक निर्बल कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ गुप्ता रहे। इस अवसर डॉ प्रेम कृष्णा जायसवाल,राम जी केसरवानी, गिरि बाबा, मनोज मिश्रा, अनिल कुमार गुप्ता अन्नू भैया, पप्पू कटरा सुनील कुमार,लक्ष्मी कांत,गोविंद नारायण, कन्हैया लाल गुप्ता, अशोक कुमार दिनेश केसरवानी, लव कुश केसरवानी, पार्षद नीरज गुप्ता, राकेश केसरवानी, जय कृष्ण गुप्ता ,दिलीप केसरवानी, दाऊ दयाल गुप्ता , शिव मूरत गोले, सतीश चंद्र केसरवानी, आदि रहे

# बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर पदाधिकारियों ने किया नमन






**कौंधियारा।** इलाहाबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी रविवार को बारा विधानसभा के कार्यकताओं से परिचय व संवाद स्थापित करने काम्या रिसार्ट मैदा रोड़ तिराहा पहुंचे रास्ते में जगह-जगह भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। बैठक से पूर्व बाबा भीमराव अम्बेडकर के जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किया कर डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा बाबा भीमराव अम्बेडकर को नमन कर आपके बीच पहुंचकर अनूभूति हुई की मैं अपने परिवार के बीच हूं। यह बात सही है मैं नया हूं प्रत्येक व्यक्ति पहली बार जिस क्षेत्र में जाता है नया ही होता है। आप जैसे मार्गदर्शक ही मार्गदर्शन करके सिखातें है,मेरे मार्ग दर्शक भी मुझे सिखाएंगे यह मुझे पूर्ण विश्वास है। नीरज त्रिपाठी ने कहा यह जो विपक्षियों को लगता है डमी कंडीडेट है? नया है? मैदान में आओ तो सब पता चल जाएगा, डमी के चक्कर में रहोगें तो जमानत बचाना मुश्किल हो जाएगा। मै भी अधिवक्ता रहा बड़े बड़े नेताओं से पाला पड़ा है श्री त्रिपाठी ने कहा यहां एक-एक कार्यकर्ता नीरज त्रिपाठी है, यहां कार्यकर्ता चुनाव लड रहा है, मोदी जी चुनाव लड़ रहें हैं,कमल चुनाव लड़ रहा है उसके बाद नीरज त्रिपाठी चुनाव लड़ रहे कार्यकताओं को प्रत्याशी ने विश्वास दिलाया की मैं पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी का बेटा हूं जिन्होंने 25-30 वर्ष राजनीति किया एक भी आरोप नहीं लगें वह स्वच्छ राजनीति आपको आगे भी देखनें को मिलेगा। काशी क्षेत्र महामंत्री व जिला प्रभारी यमुनापार शुशील त्रिपाठी ने कहा कुछ लोग भ्रम फैला रहें हैं कि प्रत्याशी नया है उनको नही पता प्रयागराज का नाम रोशन करनें के लिए पं.केशरी नाथ त्रिपाठी ने पूरा जीवन खपा दिया उनको सच्ची श्रद्धांजलि देने का समय आ गया है। नमन करने का समय आ गया है। मोदी जी ने नीरज जी को ही क्यों चुना इसमें भी राज है। मै आपको बता रहा हूं अगर चार लाख मतों से ऊपर आपने नीरज को चुनाव जिताकर दिया तो आप सांसद नहीं मंत्री चुन रहे हैं। काशी क्षेत्र महामंत्री ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के सपनों को पूरा करने हेतु कार्यकताओं से घर-घर सम्पर्क का आह्वान किया। लोकसभा संयोजक शिवदत्त दत्त पटेल ने कार्यकताओं में उर्जा और जोश भरकर मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति ने करते हुए बाबा साहेब को नमन कर विश्वास दिलाया की यमुनापार का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने को नीरज त्रिपाठी समझकर कमल खिलाकर दिल्ली भेजेगा। अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान ने कहा भाजपा सरकार ने जिस प्रकार अनूसूचित वर्ग के लोगों को सम्मान मिला वह इसके पूर्व सरकारों में नही हुआ। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की बैठक में कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को मंत्री बनानें की बात से काफी उत्साहित दिखे नीरज त्रिपाठी अपर महाधिवक्ता रहें इसलिए कार्यकर्ता कानून मंत्री बनानें की उम्मीद लगाई। बैठक में ब्लाक प्रमुख कौंधियारा इन्द्रनाथ मिश्रा, ब्लाक प्रमुख जसरा पप्पू सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, रमाकांत विश्वकर्मा,पदुम जायसवाल,जय सिंह पटेल, संतोष त्रिपाठी, कमलेश त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ला, शिवराम सिंह परिहार, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, सुरेश शुक्ला, भोला नाथ तिवारी, रत्नाकर सिंह पटेल, मनोज गुप्ता, राजमणि पासवान, सुधाकर पांडेय, अंजनी लाल, शिवप्रसाद केसरवानी,जगत शुक्ला,अखिलेश सिंह पटेल, शंकरलाल पांडेय, सुरेन्द्र पटेल, मुकेश कोल आदि के साथ भारीं संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रही। इसी प्रकार करछना विधानसभा के कार्यकताओं संग बैठक आयोजित हुई।

# डीजीपी, पुलिस कमिश्नर समेत न्यायिक मजिस्ट्रेटों के खिलाफ एफआईआर की मांग, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद की जिला अदालत ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त प्रयागराज, जिला अदालत के सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट समेत प्रयागराज जिले से सभी थाना प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली अर्जी पर जवाब तलब के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश जिला जज संतोष राय की अदालत ने याची अधिवक्ता राकेश नाथ पांडेय की पुनरीक्षण याचिका डीजीसी क्रिमिनल गुलाब चंद्र अग्रहरि को सुन कर दिया। याची अधिवक्ता राकेश नाथ पांडेय ने अपनी याचिका के जरिए इलाहाबाद के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। मजिस्ट्रेट की अदालत ने याची अधिवक्ता की 156 (3) सीआरपीसी की उस अर्जी पर उसे नोटिस जारी किया था, जिसमे याची ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज के पुलिस आयुक्त, सभी थानाध्यक्ष, जिला अदालत में तैनात सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट समेत कई उच्चाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी।मजिस्ट्रेट की अदालत ने एक अप्रैल 2024 को पारित अपने आदेश में याची द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की मांग को कामकाज में बाधा पहुंचने वाली करार दिया था। साथ ही याची अधिवक्ता के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही और बार काउंसिल को मामला संदर्भित करने की संस्तुति करने से पहले याची को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था।इस आदेश के खिलाफ याची अधिवक्ता ने जिला जज की अदालत में पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी। डीजीसी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने दलील दी कि न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश पुनरीक्षण याचिका के तौर पर पोषणीय नही हैं। कोर्ट ने याचिका प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज कर दी।

## सेंट्रल जेल में कैदियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**प्रयागराज।** रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम की ओर से रविवार को सेंट्रल जेल नैनी में तीसरा चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल ने बताया कि शिविर में जेल के कैदी लाभान्वित हुए। सचिव मनीष गर्ग ने बताया कि डॉक्टरों ने कान, नाक, गला, आंख, दांत आदि की जांच की और परामर्श दिया। निःशुल्क दवा भी दी गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर सिंह रहे। संचालन रितेश सिंह ने किया। विकल्प अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दीपक गुप्ता, प्रमोद बंसल, अजय शर्मा, नितिन शर्मा, जय कुमार, उपहार जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसा में मेडिकल छात्रा घायल

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाने में मेडिकल छात्रा मनस्वी श्रीवास्तव निवासी अल्का विहार कॉलोनी, धूमनगंज ने एक कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तहरीर दी है कि वह अपनी गाड़ी से एसआरएन अस्पताल जा रही थीं। तभी मेडिकल चौराहे के पास गलत दिशा से आई कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इससे वह जख्मी हो गई। जार्जटाउन पुलिस कार नंबर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# नगर निगम द्वारा स्मृति चिन्ह देकर संस्थान को सम्मानित किया गया






**अखंड भारत संदेश**

**नगर निगम प्रयागराज द्वारा इस साल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का स्वच्छता चैंपियन चुना गया**

**नैनी।** नैनी अरैल में रविवार को प्रयागराज की सामाजिक संस्था सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के गंगा प्रहरियों ने अरैल घाट के गंगा तट पर न सिर्फ श्रमदान किया बल्कि नगर निगम प्रयागराज की आई ई सी टीम के साथ मिलकर गंगा घाट को स्वच्छ रखने प्लास्टिक का उपयोग न करने कूड़े कचरे का सही प्रबंधन करने आदि के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। ज्ञात हो कि इस सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सभी सदस्य महीने के दूसरे और चौथे रविवार को श्रमदान करते हैं और लोगों से जीवनदायिनी मां गंगा को स्वच्छ रखने की अपील करते हैं। स्वच्छ और गंगा के प्रति अथक प्रयासों को देखते हुए नगर निगम प्रयागराज द्वारा इन्हें इस साल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का स्वच्छता चैंपियन चुना गया। सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडे के निदेर्शानुसार आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य द्वारा स्मृति चिन्ह देकर संस्थान को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर निगम प्रयागराज के अधीन काम कर रही, इंदौर की सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज से सिटी इंचार्ज राहुल नागर, जोनल अशोक पटेल एवं अजीत शर्मा भी उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा,ऋषि दीक्षित, विनोद गुरानी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र प्रजापति,आत्म प्रकाश यादव, धीरज राजवानी,डां एस.बी.यादव, संदीप केसरवानी, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, अंकित कुमार सिंह, अशोक पटेल, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी,अनुज चौरसिया, अन्यया चौरसिया, संजय आदि उपस्थित रहे।

# चाइनीज मंझे से कटी किशोर की गर्दन, हालात नाजुक



**झूंसी।** थाना क्षेत्र में अपने बड़े पिता के साथ बाइक से जा रहे चार वर्षीय किशोर का गला चाइनीस मजे मांझे से कट गया। जिससे किशोर लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। ईशीपुर मलावा निवासी चंद्रप्रकाश रविवार को बाइक से अपने खेत जा रहा था उसके साथ उसका चार वर्षीय भतीजा शनि भी बाइक पर आगे बैठा था। अचानक उसका गला मंझे से कट गया। खून काफी बहने की वजह से शनि बरहोश हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की माने तो मंझे से उसकी कई नशे कट गई है। हालात नाजुक है। चंद्रभान ने मामले में गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है। बतादे की दो महीने पहले फरवरी में सरायइनायत में चाइनीज मंझे से एक दस वर्षीय किशोर की गर्दन कटने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी।

# विशाल संकल्प संस्था ने बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए दशकों से कर रही काम

## कन्या पूजन पर बच्चियों को दी गई किताब कॉपी व स्वच्छता किट



**प्रयागराज।** विशाल संकल्प संस्था बेटियों के सर्वांगीण विकास में जमीनी स्तर पर दशकों से काम कर रही है।आज संस्था ने अपने सत्रहवे स्थापना दिवस पर स्लम में कन्यापूजन का विशेष कार्य क्रम आयोजित किया। बोट क्लब के पास आयोजित कार्यक्रम में लगभग तीन सौ से ज्यादा स्लम की लड़कियो ने भाग लिया। ये कार्यक्रम कन्यापूजन इस उद्देश्य के साथ किया जाता है कि इन उपेक्षित बच्चियों को भी समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाए।भोजन के साथ बच्चियों को दक्षिणा में किताब कॉपी व स्वच्छता किट दी जाती है। डॉ अंजली केसरी ने बताया कि संस्था इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चियों में आत्मविश्वास पैदा करती है कि तुममें भी शक्ति है तुम भी आगे बढ़ सकती हो। परिणाम स्वरूप लगभग तीन सौ से ज्यादा बेटियां संस्था से जुड़ कर अपने जीवन में बदलाव ला चुकी है। लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार ने कहा कि समाज को इस तरह के सार्थक प्रयास की जरूरत है। पूर्व आई जी कविंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की बहुत सराहना की और बेटियों को उच्च शिक्षा की ओर बढ़ने को प्रेरित किया।अन्नू भइया,ने बताया कि मैं हर साल इस कार्यक्रम में आता हूं और बच्चों के मुस्कुराते चेहरे मुझे संस्था के प्रयास पर मुहर जैसे लगते है। सुमित गुप्ता ने बताया कि अंबेडकर जयंती के दिन समानता का इससे बेहतर उदाहरण नही हो सकता।कार्यक्रम मे मंजू मौर्या,शश्या नागर, कविता श्रीवास्तव, अर्चना दुबे, सूरज साहू,आरती चौधरी, संदीप कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज झरोखा

### आरएएफ बटालियन 101 में याद किये गए डॉ0 भीमराव अंबेडकर



**फाफामऊ।** रविवार को 101 आर०ए०एफ० कैम्प परिसर में बाबा साहब डॉ० भीम रॉव अम्बेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम ने डॉ० भीम रॉव अम्बेडकर के संघर्ष व भारतीय इतिहास मे उनके अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ० अम्बेडकर को भारतीय संविधान निमार्ता के तौर पर जाना जाता है, उनकी भूमिका संविधान निर्माण, दलित समाज के उत्थान मे महत्व पूर्ण रही है, तथा उनके विचार महिलाओं को पुरुषों के बराबर अल्पसंख्यकों और गरीबों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते है। इस अवसर पर अन्य सभी कार्मिको ने भी अपने विचार ब्यक्त किए।अंत में कमाण्डेन्ट महोदय व सभी कार्मिकों द्वारा उन्हे माल्यार्पण व सादर सुमन अर्पित किए गए व कोटिशः नमन किया।इस अवसर पर बृजेश कुमार दुबे (उप० कमाण्डेन्ट) व अन्य अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

### बाबा साहब के जन्म दिन पर निकाला गया जुलूस




**सोरांव।** रविवार को संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर का 133 वें जन्म दिवस पर सोरांव, शिवगढ़, देवगलपुर जुड़ापुर पुर दांदू, सहित दर्जनों स्थानों पर भव्य जुलूस निकालकर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। इतना ही नहीं सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़ में सपा नेता भास्कर पासी की अध्यक्षता में सैकड़ो लोगों के साथ हाथ में बाबा साहब लिखा हुआ नीला झंडा लेकर एक भव्य जुलूस डीजे के साथ पुराना शिवगढ़ नहर के पास से अलमापुर, शिवगढ़ बाजार होते हुए सराय भोगी गांव के सामने शाम सात बजे समापन किए। वही देवपुर में भी विजय के साथ सैकड़ो महिलाओं और पुरुषों की उपस्थिति में बार एसोसिएशन सोराव के पूर्व अध्यक्ष राम सजीवन एडवोकेट की अध्यक्षता में तथा मुख्य अतिथि पंकज गौतम मंडल कोऑर्डिनेटर बहुजन समाज पार्टी की उपस्थिति में मनाया गया। यह जुलूस पूरे गांव में बाबा साहब की प्रतिमा के साथ घुमाया गया तथा इसका समापन ब्लॉक परिसर में स्थापित बाबा साहेब की मूर्ति के माल्यार्पण के पश्चात हुआ। इस मौके पर प्रदीप पासी, अरुण यादव, डॉक्टर घनश्याम पटेल, नंदू पासी, अनुज पासी, मोहम्मद अरमान एडवोकेट, पिंटू पासी,मनोज गौतम, विजय सरोज हाजी इलियास खान, मुन्ना पहलवान, शिव प्रसाद पासी, मुहम्मद मुकीम खान संग सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### मनाई गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती



**प्रयागराज।** रविवार को अत्तरसुइया वार्ड में सभी बूथों पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने जानकारी दी शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के अत्सुया वार्ड में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, भाजपा पूर्व महामंत्री महानगर एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद श्री गिरी शंकर प्रभाकर गिरी बाबा की अध्यक्षता में। अजय कुमार श्रीवास्तव वार्ड अध्यक्ष के संचालन में।अनुपम श्रीवास्तव सेक्टर संयोजक,दीपक केसरवानी बूथ अध्यक्ष, अजय वर्मा बूथ अध्यक्ष,हिमांशु बूथ अध्यक्ष,सौरभ केशरवाणी बूथ अध्यक्ष,अमित गुप्ता सेक्टर संयोजक,सुनीता चोपड़ा पार्षद, विकास चढ़ा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नैनी के अरैल में कविता त्रिपाठी का हुआ स्वागत

## नीरज त्रिपाठी सांसद बनने पर पूरे क्षेत्र का होगा विकास, कविता त्रिपाठी



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी अरैल में आगमन पर कविता त्रिपाठी प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा का हार्दिक स्वागत किया गया संजय श्रीवास्तव कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि कविता त्रिपाठी सांसद प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी 52 लोकसभा प्रयागराज की धर्मपत्नी है सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ अनेक गरीबों का सहयोग आप करते हैं शिवनगर निवासी सुशील शुक्ला सामाजिक कार्यकर्ता के निवास स्थान पर उनका जोरदार स्वागत भाजपा कार्यकताओं ने किया इस अवसर पर कविता त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित नीरज त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है पूर्व राज्यपाल पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी ने सड़कों का जाल बिछाया था क्षेत्र में विकास कार्य किया था यहां की जनता के लिए 24 घंटे हम उपलब्ध रहेंगे उसी तरह पंडित नीरज त्रिपाठी को आपका आशीर्वाद मिलेगा तो आम जनता के बीच जाकर लोगों का काम करूंगी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुशवाहा सुधीर प्रजापति बाबूजी यादव शंकर भारतीय राकेश कुमार भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष महेश त्रिपाठी ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया।

# फूलपुर लोकसभा सीट से सपा ने अमरनाथ मौर्य को दिया टिकट, जिला सहकारी बैंक के रह चुके हैं अध्यक्ष


## फूलपुर लोकसभा सीट से सपा ने अमरनाथ मौर्य को दिया टिकट, जिला सहकारी बैंक के रह चुके हैं अध्यक्ष


**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी ने फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से अपने प्रत्याशी का नाम रविवार को घोषित कर दिया। पार्टी ने यहां जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रह चुके अमरनाथ मौर्या पर अपना भरोसा जताया है। इसके पूर्व अमरनाथ मौर्या को 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी ने इलाहाबाद पश्चिम विधानसभा सीट से टिकट दिया था, लेकिन पर्चा दाखिल करने के बाद उनका टिकट अचानक काटकर डॉ. ऋचा सिंह को उम्मीदवार बना दिया था।बताया जा रहा है समाजवादी पार्टी ने विशेष जाति समीकरण को देखते हुए अमरनाथ पर अपना भरोसा जताया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता यह पहले ही कह चुके थे कि अगर भाजपा यहां से पटेल उम्मीदवार खड़ा करती है तो उनका उम्मीदवार मौर्य ही होगा। अगर भाजपा किसी मौर्य का चयन करती तो समाजवादी पार्टी यहां से किसी पटेल उम्मीदवार को ही खड़ा करेगी। अमरनाथ मौर्या बीजेपी में भी रह चुके हैं। प्रयागराज शहर पश्चिमी के धूमनगंज इलाके के जयंतीपुर प्रीतमनगर के रहने वाले अमरनाथ मौर्य बीए, एलएलबी हैं। यह छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हैं। जनता दल से सक्रिय राजनीति की शुरूआत करने वाले अमरनाथ ने 1995 में बसपा की सदस्यता ग्रहण की। 1996 में बसपा की सरकार बनने पर जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य किया। 2002 में शहर पश्चिमी से माफिया अतीक अहमद के खिलाफ बसपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा था, जिसमें इन्हें लगभग 24 हजार मत मिले थे। 2010 में इलाहबाद-कौशाम्बी जिला सहकारी बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। 2016 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और 2018 में दोबारा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चुने गए। 2022 में सपा में शामिल हो गए। पार्टी ने शहर पश्चिमी से प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन किन्हीं कारणों से पर्चा दाखिल करने के बाद टिकट काट दिया गया।

# हाईकोर्ट : सेवानिवृत्त होने के बाद बरी होने से परिलाभ का हकदार नहीं, कोर्ट ने खारिज की याचिका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीस रुपये की रिश्वत, एक वर्ष की कैद और सौ रुपये जुमार्ना की सजा पाने के बाद. सेवा से 40 वर्ष बर्खास्त रहे ट्यूबवेल ऑपरेटर के सेवानिवृत्ति परिलाभ के दावे को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकल पीठ ने बरेली के सिंचाई विभाग में तैनात रहे ट्यूबवेल ऑपरेटर नेतराम की याचिका पर उक्त फैसला सुनाया।कोर्ट ने कहा कहा, सेवाकाल के दौरान अपराध से बरी होने पर ही कर्मचारी सेवानिवृत्ति परिलाभ पाने का हकदार हो सकता है। मौजूदा मामले में याची सेवानिवृत्ति की आयु पूरी कर चुका है। ऐसे में अब उसे सेवा में बहाल नहीं किया जा सकता। इसके अलावा उसकी सेवा अस्थाई प्रकृति की थी, इसलिए वह कोई भी राहत पाने का हकदार नहीं हैं। लिहाजा उसकी याचिका बेदम है और खारिज की जाती है।

**बरी होने पर सेवानिवृत्ति परिलाभ के लिए पहुंचे थे हाईकोर्ट**

प्रस्तुत मामले में याची की नियुक्ति सिंचाई विभाग, बरेली के अधिशासी अभियंता ने 17 अगस्त 77 को ट्यूबवेल ऑपरेटर के पद पर की थी। फतेहगंज वेस्ट में तैनाती के दौरान पूरनलाल यदुवंशी से उनकी फसल सिंचाई में न दर्ज करने के लिए 15 दिसंबर 78 को तीस रुपये की रिश्वत लिए जाने के आरोप में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई।अदालत ने ट्रायल में उसे एक वर्ष की कैद और सौ रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। बरेली की जिला अदालत के फैसले के बाद उसे 28 दिसंबर 83 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। हालांकि, सजा के खिलाफ दाखिल अपील एक फरवरी 2023 को मंजूर हो गई और वह बरी हो गया, लेकिन इस बीच उसने वर्ष 2016 में सेवानिवृत्ति की आयु पूरी कर ली। 40 वर्ष सेवा से बर्खास्त रहे नेतराम ने सेवानिवृत्ति परिलाभों के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**याची के वकील की दलील**

याची के वकील का कहना था कि याची पर लगाए गए आरोप गलत साबित हुए। झूठे आपराधिक मुकदमे के निस्तारण में देरी न हुई होती तो याची सेवाकाल में ही बहाल हो जाता और उसे सेवा संबंधी सभी लाभ मिलते। याची को बिना विभागीय जांच के बर्खास्त किया गया था। मुकदमे के निस्तारण में हुई देरी के लिए उसे उसके सेवानिवृत्ति परिलाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।

**सरकारी अधिवक्ता का प्रतिवाद**

सरकार के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता गिरिजेश त्रिपाठी ने प्रतिवाद करते हुए कहा, याची बाइज्जत बरी नहीं किया गया है। भले ही उसकी बर्खास्तगी विभागीय जांच के बिना हुई थी, लेकिन उसकी सेवा अस्थाई प्रकृति की थी। उसकी सेवा एक माह के नोटिस के साथ कभी भी समाप्त की जा सकती है। इसलिए वह अनुच्छेद 311 (2) के अंतर्गत सरकारी सेवक की परिभाषा में नहीं आता । ऐसे में न तो उसके खिलाफ विभागीय जांच की जरूरत है और न वह किसी भी प्रकार का सेवालाभ पाने का अधिकारी है।



# पंजाब नैशनल बैंक के कर्मचारियो ने धूम धाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

**मांडा।** पंजाब नैशनल बैंक मण्डल कार्यालय के सभागार में रविवार को कर्मचारियो ने धूम धाम से मनाई भारत रत्न बाबा भीम राव अम्बेडकर की 133वी जयन्ती। जिसमें मुख्य अतिथि मोती लाल हेला ने भीम राव अम्बेडकर जी प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद बताया कि कि बाबा साहेब एक महान व्यक्ति थे, जो अपने समाज के सभी अधिकारों के लिए बहुत ही लड़े। तब जाकर हमारे समाज को एक पहचान मिली और आजादी मिली। कार्यक्रम में उप मंडल प्रमुख दीपक श्रीवास्तव, वेलफेयर एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष विनय कुमार रंजन, मण्डल सचिव प्रदीप कुमार भारतीय, उपाध्यक्ष पुकार सिंह, सयुक्त सचिव अभिषेक मलिक अधिकारी संगठन अध्यक्ष नितेश अतुल, सचिव संदीप कुमार सिंह सहित दर्जनों की संख्या में उपस्थित होकर सभी ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए और विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहब द्वारा किए गए – सराहनीय कार्यों का उल्लेख किया जो हमारे समाज में प्रेरणादायक के रूप में अग्रसित होने का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक सिद्ध होगा।

# संविधान ने देश के गरीब,दलित व पिछड़ा वर्ग के लोगों का अधिकार दिया : एसपी पटेल

## समाजवादी पार्टी ने मनायी बाबा अम्बेडकर की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एकत्रित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रमेश पाठक की अध्यक्षता व जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी के संचालन में संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।इस मौके पर उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए भारतीय लोकतंत्र और समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर लोगों ने सामूहिक रूप से डॉ आंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर मौजूद इण्डिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल ने डॉक्टर साहब के व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया को सर्वश्रेष्ठ संविधान देने का काम किया। उन्होंने कहा कि वही संविधान में देश के गरीब,दलित व पिछड़ा वर्ग के लोगों का अधिकार प्रदान कर सम्मान के साथ जीने का रास्ता दिया। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार में दलितों की बड़ी दुर्दशा हो रही है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी वकार अहमद ने डा. अंबेडकर के विचार एवं संघर्ष के बारे में बताते हुए कहा कि बाबा साहब दलित एवं पिछड़ों के मसीहा थे। वह हमेशा लोगोंल की भलाई के लिए आगे रहे।इस मौके पर प्रमुख रुप से शफात अहमद, संतोष सिंह लाल साहब, जगदीश यादव, मनीष पाल, सुरेश जायसवाल, सुनील कुमार यादव ,नगर अध्यक्ष निसार अहमद ,अमीरुल हसन ,शाहिद राइन, अंकुर मौर्य ,राजकुमार प्रजापति ,लाइक अहमशफात अहमद संतोष सिंह लाल साहब जगदीश यादव मनीष पाल सुरेश जायसवाल सुनील कुमार यादव नगर अध्यक्ष निसार अहमद अमीरुल हसन शाहिद राइन अंकुर मौर्य राजकुमार प्रजापति लाइक अहमद, मेराज बीडीसी आदि लोग मौजूद रहे।


सपा कार्यकर्ताओ के सम्बोधित करते शिक्षाविद एसपी पटेल।

# दो घरों में हुई चोरी, भय व दहशत का बना माहौल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक ही रात में दो घरों में चोरी की घटना से लोगों में भय का माहौल बना दिखा। लालगंज कोतवाली के खपराही गांव में रामचन्द्र मिश्र के घर बीती शनिवार की रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घुस गये। चोरों ने मकान के अंदर चोरी की वारदात अंजाम देते हुए लाखों के महिलाओं के गहने व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इसी तरह बगल के भट्टाचार्य गांव में भी गांव के भरतराज पाण्डेय के भी घर चोर छत के रास्ते पहुंच गये। यहां भी चोरी की घटना में पीड़ित के घर से बदमाशों ने नकदी व सोने चांदी के जेवरात उड़ा लिए। रविवार की सुबह पीड़ितों को चोरी की घटना हुई दिखी तो आवाक् रह गए। घटना को लेकर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ अलग अलग तहरीर दी गयी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि जांच कर इन घटनाओं का खुलासा किया जाएगा। इधर लालगंज कोतवाली क्षेत्र में पखवारे भर के भीतर उमापुर समेत आधा दर्जन गांवों में चोरी की वारदातें लगातार घटित हो रही हैं। पुलिस इन घटनाओं को लेकर जांच के आश्वासन के अलावा हाथ पर हाथ धरे ही दिख रही है। चोरी की घटनाओं से इधर गांव में लोग रतजगा करने लगे हैं। वहीं सहलाग के मौसम में इन घटनाओं को लेकर गांवों में भय का माहौल भी देखा जा रहा है।

# घाव पर मरहम लगाने जैसा है किसी की मदद

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा पिपरी गांव में रविवार की दोपहर शार्ट सर्किट के चलते 6 घर की गृहस्ती जलकर आग में नष्ट हो गई थी पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने की मजबूर हो गए थे ऐसे में बढ़ चढ़कर आसपास के लोग पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं रविवार की सुबह पूरे दलपत शाह गांव निवासी पंकज जयसवाल ने छ परिवारों में मौजूद बूढ़े बुजुर्ग व महिलाओं सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों को पहनने के लिए कपड़ा व खाने-पीने की चीज देकर घाव पर मरहम लगाने जैसे काम किया है व्यापारी द्वारा इसने कार्य किए जाने से क्षेत्र को लोगों ने पंकज जयसवाल की सराहना की इस मौके पर राजेश्वर जायसवाल, पूर्व प्रधान जयराम यादव, शिव प्रसाद, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध तमंचा व जीवित कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावा प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर के निर्देश पं नवाबगंज उ0नि0 रमेश पटेल व उ0नि0आदित्य पाण्डेय, हे0का0 आदित्य यादव द्वारा क्षेत्र भ्रमण व संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम परियावां के पास से अभियुक्त रवि सरोज पुत्र प्रमेश सरोज निवासी ग्राम लवाना थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़ के पास एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जीवित कारतूस 315 बोर के साथ बरामद कर गिरफ्तार किया गया। ग्ने न्यायालय भेजा।

# अग्निशमन कार्यालय पर शहीदो को श्रद्धांजलि देकर शुरू हुआ अग्नि सुरक्षा सप्ताह

## अग्निशमन के वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर जनजागरूकता के लिए किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** फायर स्टेशन में मुख्य अग्नि शमन अधिकारी द्वारा 14 अप्रैल 1944 को बंदरगाह पर फोर्ट ईस्ट नामक मालवाहक जहाज में घटित भीषण अग्नि दुर्घटना में अग्निशमन कार्य करते हुए शहीद हुए 66 फायरमैनो एवं 109 बंदरगाह के कुली तथा उ.प्र. अग्नि सेवा के दौरान शहीद हुए अग्निशमन कर्मियो को प्रातः 8 बजे शोक परेड में सलामी देते हुए शहीद कर्मियो के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित और शहीदो के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राजू ने 14 अप्रैल 1944 की बम्बई की भयावह घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करे, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी सहित उपस्थित अग्निशमन कर्मियो को संकल्प दिलाया कि अग्निशमन सेवा में समर्पित भाव से सुरक्षित ढंग से कार्य करे।

इस अवसर पर जनजागरूकता रैली हेतु फायर सर्विस वाहनो को सीओ सिटी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया और इसी दिन से 20 अप्रैल तक अग्निसुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। जिसके क्रम में फायर स्टेशन सदर सहित सभी स्टेशनो के फायर वाहनो पर बैनर पोस्टर लगाकर भ्रमण करते हुए माइक से प्रचार किया गया तथा अग्नि सुरक्षा के पम्पलेट तथा हैण्डबिल भी वितरित किए गए।


अग्निशमन वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सीओ सिटी।

# धमकी व मारपीट के वांछित अभियुक्त के पास अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में कानून् ब्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर के दिशा निर्देश पर उ0नि0 गुलाब सिंह अपने हमराही हे0का0 जवाहर राम, का0 का0 प्रशान्त राठी द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 45/2024 धारा 323,506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त रामकेश सरोज पुत्र छेदीलाल सरोज निवासी ग्राम लवाना थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थाना क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम परियावां के पास एक बरामद कर गिरफ्तार किया

उक्त बरामदगी के संबंध में थाना नवाबगंज पुलिस ने मु0अ0सं0 48/2024 323,506 भादवि पंजीकृत अभियोग में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा।

# एएसपी ने किया औचक निरीक्षण, गंदगी पर मातहतों को फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने रविवार को लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस चैकी में चुनाव की तैयारियों पर नजर डाली। चैकी परिसर में गंदगी देख एएसपी चैकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह पर भड़क उठे। उन्होंने पुलिस कर्मियों को शान्ति व्यवस्था के तहत संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों पर भ्रमणशील रहने के भी कड़े निर्देश दिए। एएसपी ने चिन्हित अपराधियों पर नजर रखने के साथ हिस्ट्रीशीटरों की भी गतिविधियों को खंगालने के भी निर्देश दिए। अचानक चैकी पहुंचने पर एएसपी को लेकर पुलिस कर्मियों में हड़कम्प भी दिखा।

# नगर पालिका के अधिकारियो व कर्मचारियो ने मनाई अम्बेडकर जयंती


अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण करने पहुंचे अधिकारी व कर्मचारी ।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संविधान निर्माता भीम राव अम्बेडकर की जयंती नगर पालिका में धूमधाम से मनायी गई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने दीप प्रज्ज्वलन कर संविधान निर्माता को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित एक गोष्ठी में अधिकारियो तथा कर्मचारियो ने कहा कि संविधान हमे सम्मान से रहने का अधिकार देता है। हमारा संविधान विश्व में सर्वोपरि है। बाद में अधिशासी अधिकारी के साथ सफाई निरीक्षक के साथ संतोष कुमार सिंह, प्रशान्त सिंह, महेश तिवारी, प्रशान्त श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी नारेबाजी करते हुए अम्बेडकर चैराहे पर जाकर बाबा साहेब के मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

# युवा पीढ़ी को संस्कारिक बनाने का किया जा रहा प्रयास

## बेल्हा देवी मंदिर पर हुआ भक्तसंध्या का आयोजन, फोटो 03 कलाकारो को सम्मानित करते आयोजकगण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद विशाल द्वारा नवरात्रि में नगर की अधिष्ठात्री देवी माँ बेल्हा देवी धाम में सईं नदी के तट पर भक्ति संध्या 'आराधन' का आयोजन अपने संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ आचार्य आलोक मिश्र सहित पुरोहितों के स्वस्ति वाचन और माँ बेल्हा देवी की वंदना से शुरू हुआ।अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद प्रयाग प्रान्त के अध्यक्ष अनूप जैन ने इस अवसर पर कहा कि सेवा, सहयोग और संस्कार भारत विकास परिषद की परम्परा है। पूरे देश में परिषद अपनी विविध शाखाओं के द्वारा अनेक प्रकल्पों के माध्यम से सेवा और संस्कार के कार्यों को कर रही है।

भारत को जानों, समूह गायन, गुरु वंदन- छात्र अभिनंदन आदि संस्कार प्रकल्प इसके उदाहरण है जिनके माध्यम से युवा पीढ़ी को संस्कारित करने का उपक्रम चल रहा है।इसके बाद जयति शुक्ला ने जयति जय माँ सरस्वती, दुर्गे मइया हे!, राम नाम के साबुन से मन का मैल मिटा ले भजन, आराध्या ओझा और ऋचा श्रीवास्तव ने रात रुको मैया सवेरे चली जाना और झिलमिल सितारों का मंदिर होगा भजन, श्वेता उमरवैश्य ने जागो री मैया, जब जब नवरात्रि आये और तेरी गोदी में सर है मैया, अनुष्का शर्मा नें ऐसे हैं मेरे राम, अस्मिता उपाध्याय और स्कन्धा उपाध्याय नें होके शेर पर सवार और बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आये हैं, अनीता पांडेय ने सोने के रथ पर सवार भवानी आयी हैं, खुशी मौर्य नें जो भी माँ के दर पर आये, अंजली मिश्रा नें छोटी मोटी माई कै मन्दिरिया, आदि भजनों की प्रस्तुति दी।तबले पर गर्व मिश्रा और भूपेन्द्र विश्वकर्मा तथा मंजीरे पर दिव्यांशु शुक्ला रहे। संचालन प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा और अनामिका उपाध्याय ने किया। सुरभारती संगीत महाविद्यालय के संस्थापक श्यामल चटर्जी का सारस्वत सम्मान किया गया। उपस्थित जनों को इस अवसर पर प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता विषयक शपथ दिलायी गयी।इस अवसर पर विशेष रूप से सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, मन्दिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह मुन्ना भइया, प्रान्तीय वित्त सचिव आर एस सिंह,गिरिजा शंकर मिश्रा, उदयभानु सिंह, गोविन्द खण्डेलवाल, शिशिर खरे, अश्विनी केसरवानी, प्रोफेसर बृजभानु सिंह, राकेश शुक्ला, शरद केसरवानी, संजीव आहूजा, मनीष केसरवानी, उमेश सिंह, राजेश मिश्रा, सन्तोष भगवन, राजेश सिंह, नारायण खंडेलवाल, डॉ घनश्याम अग्रवाल, डॉ आर के मिश्रा, डॉ सुधांशु उपाध्याय, डॉ सौरभ पांडेय, प्रोफेसर अरुण श्रीवास्तव, आनन्द केसरवानी, संजय खरे, सुनील अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ क्षितिज श्रीवास्तव, श्रद्धा सिंह, बीना सिंह, वंदना सिंह, रेखा सिंह, आशा सिंह, शकुंतला खंडेलवाल, पूर्णिमा त्रिपाठी, डॉ वंदना श्रीवास्तव, सरोज सिंह, डॉ कामायनी उपाध्याय, पुष्पांजलि शुक्ला, कंचन सिंह, मालिनी केसरवानी, क्षमा खण्डेलवाल, शशि शर्मा, मैथिली सिंह, पूनम केसरवानी, कविता केसरवानी, मीनू खंडेलवाल, आदि उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए लघु बालकों के निर्माण में चरित्र प्रधान शिक्षा आवश्यक-दण्डीस्वामी

## संतनगर में शिवगंगा गुरूकुलम् में वैदिक शिक्षा की उपयोगिता पर हुआ मंथन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रैंठ नोती के संतनगर में चतुर्वेद एवं भारतीय संस्कृति के पुनरूत्थान पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिवगंगा राम गुरूकुलम् आवासीय संस्कृत विद्यालय के कार्यालय भवन का दण्डीस्वामी ब्रम्हचारी जी हंसराज जी एवं समाजसेविका उर्मिला तिवारी व धनंजय जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गौ पूजन तथा तुलसी पूजन एवं मां गंगा आरती से हुआ। मुख्य वक्ता दण्डीस्वामी हंसराज जी ने कहा कि राम और कृष्ण की संस्कृति को समृद्धिशाली बनाने के लिए गुरूकुल को वेदज्ञाता पीढ़ी तैयार करना होगा। प्रयागराज से पधारे धनंजय जी महाराज ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व पटल पर संस्कृत शिक्षा के उद्भव से ही बलवती बनाये रखी जा सकती है। प्रख्यात विचारक प्रो0 डॉ0 शक्ति पाण्डेय ने कहा कि आधुनिक शिक्षा को चकाचैंध से सुरक्षित रखने के लिए वेद तथा उपनिषद् का बालकों को सम्यक् ज्ञान होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार ठहराया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि चरित्र ही भारत के मेधा शक्ति की पूंजी हैं। इसलिए हमें ज्ञानवान तथा चरित्रवान पीढ़ी तैयार करना होगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं गुरूकुलम् के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि आवासीय विद्यालय से संस्कृति एवं संस्कृत की गरिमा को मजबूती प्रदान करने का ध्येय है। वैदिक कार्यशाला में गौ संरक्षण, गीता गायत्री गंगा पूजन व सनातन संकल्प पर बिन्दुवार परिचर्चा सार्थक दिखी। संस्कृत शिक्षक समिति के पूर्व अध्यक्ष आचार्य राजेश मिश्र ने धर्म और सनातन परम्परा की मजबूती पर जोर दिया। संचालन आचार्य कृष्णानंद शुक्ल ने किया। प्रारम्भ में आचार्य उमाकांत मिश्र ने वटुक छात्रों के भविष्य निर्माण की कार्यवृत्ति प्रस्तुत की। व्याख्यान माला में स्वामी जितेन्द्र तिवारी एवं सहसंयोजक राजबल्लभ तिवारी, प्रेमशंकर तिवारी एवं मोनू तिवारी ने दण्डीस्वामी समेत संस्कृत विद्वानों का अंगवस्त्रम् व धार्मिक ग्रंथ प्रदान कर मंगलम् सम्मान किया। आभार प्रदर्शन महेश प्रताप तिवारी ने किया। समारोह में आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, पं0 अशोक शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, राहुल मिश्र, संजय मिश्र, पारसनाथ ओझा, धीरेन्द्र तिवारी, अनिल मिश्र, एस.एन. त्रिपाठी, धर्मेश्वर मिश्र, योगेश शुक्ल, दुर्गेश पाण्डेय, इन्द्रानंद तिवारी, फूलचन्द्र पाण्डेय, मनोज शुक्ल, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

# अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजनों की धूम, माल्यार्पण कर संविधान निर्माता को दी गयी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती लालगंज क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गयी। विभिन्न जगहों पर जुलूस तथा सभाओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भव्यता में दिखा। नगर पंचायत के अझारा वार्ड से अम्बेडकर जयन्ती पर जुलूस निकाला गया। बाबा साहब अमर रहे तथा संविधान के जयकारे के साथ जुलूस जैनपुर व शीतलमऊ होते हुए संगम चैराहे के नजदीक अम्बेडकर पार्क पहुंचा। यहां पार्क में हुई सभा में संविधान विशेषज्ञ डॉ0 अम्बेडकर के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। जयन्ती का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक दल ने समतापरक समाज के निर्माण की जनचेतना को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश यादव ने डॉ0 अम्बेडकर के सिद्धान्तों को समाज में समता का दर्पण कहा। कार्यक्रम का संयोजन सभासद धर्मपाल ने किया। समारोह में पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटे लाल सरोज, हरिशंकर सरोज, सोनू पासी, दिलीप गौतम, वीरू कौशल, हीरा आदि ने डॉ0 अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। जुलूस के दौरान बाबा साहब के अनुयायियों को उनके चित्र पर पुष्प वर्षा करते भी देखा गया। जुलूस में एहतियातन पुलिस दल भी मुस्तैद दिखा। वहीं लालगंज में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर बाबा साहब की जयन्ती पर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। गोष्ठी का संयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के0डी0 मिश्र ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं0 अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, राजू पाण्डेय, रामू मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे। इसी क्रम में भवरामबोझी गांव में भी बाबा साहब की जयन्ती समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का संयोजन धर्मराज व अशोक ने किया। इस मौके पर लवकुश कोरी, रामप्रकाश प्रजापति, देवनारायणवर्मा, देवराज वर्मा, अयोध्या प्रसाद, आदि रहे।

# पंचायत भवन परियावां मे मनाई गई अम्बेडकर जयंती


अम्बेडकर जयंती मनाते लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** डा भीमराव अम्बेडकर जयंती के पर्व पर रविवार को परियावां पंचायत भवन मे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया जिसमे भारी संख्या मे युवा वर्ग शामिल रहे ग्राम प्रधान अनिल मौर्य ने डा भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण किया और उनके चारित्र पर प्रकाश डाला कार्यक्रम सम्पन होने के बाद अम्बेडकर जी की याद मे एक रैली डीजे के साथ निकाली जो पंचायत भवन से तुलसी का पुरवा पेट्रोल पम्प से पाईकगंज बाजार नवाबगंज्

## 'ग्राम प्रधान परियावां अनिल मौर्या ने चित्र पर किया माल्यापर्ण'

आलापुर जनवामऊ मे ग्राम प्रधान की तरफ से जलपान कराकर कार्यक्रम को सम्पन कराया। आचार संहिता को देखते हुए नवाबगज पुलिस सुरक्षा के लिए साथ मे लगी रही ।इस मौके पर फूलचन्द गौतम,प्रकाशचन्द गौतम, अनिल गौतम, राजेश मौर्या, विमल प्रजापति,मिथुन गौतम, सोनई, यशवंत सोनकर, मनोज पांडे, तारिक फारूकी आदि लोग मौजूद रहे।

# हेलमेट न लगाने पर 15 वाहनों का किया गया ई चालान

**पट्टी प्रतापगढ़।** आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर प्रतापगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश के क्रम में पट्टी थाने के उपनिरीक्षक शशिधर पाठक, उपनिरीक्षक शुभम सिंह, महिला उपनिरीक्षक ज्योति सविता मय हमराह हेड कांस्टेबल मुकेश त्रिपाठी, कांस्टेबल विधि चंद्र द्वारा द्वारा पट्टी ढकवा मार्ग पर बीबीपुर नहर पुलिया के समीप दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान हेलमेट नहीं लगने पर 15 दो पहिया वाहनों का ऑनलाइन ई चालान किया गया। वही चार पहिया वाहनों की तलाशी के साथ ही संदिग्धों की डिग्गी चेक करने के साथ ही पुलिस द्वारा जामा तलाशी भी ली गई। पट्टी पुलिस द्वारा चलाए गए सघन वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में खलबली मची रही।

# नवरात्रि पर पूजी गई मां कात्यायनी, कन्या पूजन का उत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वासन्तिक नवरात्रि में देवी भक्तों द्वारा जगह जगह कन्या पूजन व कन्या भोज के आयोजनों की धूम देखी जा रही है। रविवार को मंदिरों तथा घरों में मां कात्यायनी के स्वरूप का पूजन हुआ। वहीं मंदिरों में देवी आराधना के भी कार्यक्रम देवी भक्तों को मंत्रमुग्ध किए हुए है। रविवार को नगर के विद्या मंदिर मार्ग पर सामूहिक कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इसमें माताओं ने कन्याओं का तिलक अभिषेक करते हुए उनका पूजन किया। पूजन कार्यक्रम में कन्याओं को देवी मां का प्रसाद भी ग्रहण कराया गया। किरन शुक्ला, शिखा, माण्डवी, ऋषभ आदि ने नन्हीं-मुन्हीं कन्याओं का अभिषेक किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में समाजसेवी डॉ0 रामशिरोमणि तिवारी के संयोजन में भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन शैलेन्द्र तिवारी व इं0 जितेन्द्र तिवारी ने किया।

# चोरी की कार व 6 बाइक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एसओजी टीम और सराय अकिल थाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा कारतूस भी किया बरामद

पुलिस टीम को 25 हजार रूपए पुरस्कार देने की पुलिस अधीक्षक ने की घोषणा



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना पुलिस और एसओजी टीम ने सयुक्त रूप से कार्यवाही कर वाहन चोरी करने वाले गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार कर चोरी की एक स्विफ्ट डिजायर कार और चोरी की 6 बाइक बरामद किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपी की अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गया है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह और सराय अकिल थाना की पुलिस टीम ने नंदा का पुरवा के पास वाहन चेकिंग के दौरान अमित कुशवाहा निवासी देवरा नरवर पट्टी थाना संदीपन घाट को गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से पुलिस टीम ने चोरी की एक कार तथा 6 बाइक,एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह वाहन चोरी करने वाला गैंग है और यह गैर प्रदेशों से गाडियों को चोरी करते थे और उसका फर्जी कागजात बनाकर उसे दूसरे लोगो को बेच देते थे,पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है,जांच और पूछताछ के आधार पर अन्य लोगो की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है,जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी की जायेगी।एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपए पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

# दो बाइक की जोरदार भिड़ंत छह लहूलुहान

बाइक सवारों के तेज गति से बाइक चलाना हादसे का कारण बना

**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर पश्चिम शरीरा मार्ग में हरभजन बाबा की कुटी के पास रविवार को ओवरटेक करने के चक्कर में दो बाइक सवार आपस में टकरा गए हैं बाइक की जोरदार टक्कर से दोनों बाइक में सवार 6 लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और तड़पने लगे हैं हादसे में 4 लोगों को गंभीर चोटे आई हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स के साथ थाना पुलिस घटनास्थल पहुँची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव से दो बाइक में 6 लोग सवार होकर शाहपुर साइड से अलवारा झील के पास अपने खेत के लिए जा थे कुछ दूर जाने के बाद दोनों बाइक सवार ओवरटेक के चक्कर में आपस में ही जोरदार टकरा गए हैं टक्कर लगते ही दोनों बाइक में सवार छह लोग सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे हैं घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ लोग बाइक से गिरकर सड़क किनारे झाड़ी में जा पहुंचे हैं इस हादसे में अरविंद उम्र 22 वर्ष पुत्र दहचाली वा कल्लू उम्र 19 वर्ष पुत्र लालचंद्र वा समीर उम्र 17 वर्ष पुत्र संतोष निवासी अलवारा को गम्भीर चोट आई है जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है बाकी तीन लोगो को हल्की चोट आई हैं जिनका स्थानीय चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया है हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं बचाव में राहत के कार्य शुरू कर दिया है मामले की जानकारी हादसे में घायल लोगों के परिवार को दी गई है जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं और बचाव एवं राहत कार्य में लगे हैं।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस लाइन में मनाई गई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती



**कौशाम्बी** पुलिस लाइन में संविधान निमार्ता भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के साथ ही संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को देश की अखण्डता व एकता की शपथ दिलाई । इस दौरान एएसपी अशोक कुमार वर्मा एवम सीओ पुलिस लाईन सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### कशिया पश्चिम में मनायी गयी डॉ. भीमराव की जयंती



**कोखराज कौशांबी।** थाना कोखराज के अन्तर्गत कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में संविधान निमार्ता बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई है बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बाबा साहब को माल्यार्पण कर जयंती मनायी वा बडे.धूमधाम के साथ पूरे ग्राम में गाजे बाजे व डीजे की धुन पर बच्चे महिला पुरुष वृद्ध लोगों ने घूम घूम कर नाच गाकर बडे. उत्साह हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई और उनके विचारों को लोगों तक पहुंचाया।

### धर्मा देवी इंटर कॉलेज में मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती



**कौशाम्बी** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज एवं कॉन्वेंट स्कूल केन अझुवा में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामकिरण त्रिपाठी, सहित शिक्षक अमित त्रिपाठी, अमित यादव, अरविंद तिवारी, शिवम,रामचन्द्र, मौजूद रहे डी डी कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य एस. बी. सिंह ने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला

### रैया देह माफी में मनाया गया बाबा साहेब का जन्मदिन



**महगांव कौशाम्बी** भारतीय संविधान के निमार्ता, ज्ञान के प्रतीक, महान समाज सुधारक, देश के प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती चायल तहसील के ग्राम पंचायत रैया देह माफी में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन मनाया और पूरे गांव में भव्य शोभा यात्रा निकालकर लोगो को बाबा साहेब के देश के प्रति योगदान के बारे में जागरूक किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और डीजे की धुन पर जामकर थिरके, यह शोभा यात्रा पूरे गांव में घुमाई और साथ ही जय भीम के नारों से पुरा रैया देह माफी गांव गूंज उठा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बड़े बुजुर्ग, महिलाएं नौजवान और बच्चे शामिल हुए और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई

### एआईएमआईएम पार्टी की एक मासिक बैठक सम्पन्न



**कौशाम्बी** ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिम पार्टी की एक मासिक बैठक पार्टी कार्यालय ओसा चौराहा मंझनपुर में 14 अप्रैल को संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से यह कहा गया कि हर महीने के पहले इतवार को 11:00 से 1:00 तक ज़िला कार्यालय में ज़िला कमेटी की मासिक बैठक संपन्न होगी महीना के दूसरे इतवार को विधानसभा कमेटी की बैठक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संपन्न होगी महीना के तीसरे इतवार को ब्लॉक कमेटी की बैठक प्रत्येक ब्लाक क्षेत्र में संपन्न होगी महीना के चौथ इतवार को नगर पालिका नगर पालिका परिषद टाउन एरिया की मीटिंग प्रत्येक टाउन एरिया क्षेत्र में संपन्न होगी और यह भी तय पाया गया कि अपना दल कमेरावादी अगर किसी प्रत्याशी को कौशाम्बी लोकसभा से चुनाव लड़वाती है तो एआईएमआईएम पार्टी के सभी पदाधिकारी गण वा कार्यकर्ता तन मन धन के साथ लगकर उस प्रत्याशी को कौशाम्बी लोकसभा से सांसद बनाने का काम करेंगे

### कांग्रेस पार्टी ने मनाई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती



**कौशाम्बी** कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में संविधान निमार्ता बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती चरवा में बड़े धूमधाम से मनाई गई कांग्रेस नेताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई एवम मिठाई बांटी गई इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल सुरेंद्र शुक्ला, प्रदेश महासचिव सोसल मीडिया डिपार्टमेंट सचिन पाण्डेय शुभम कुमार,निक्की पाण्डेय,मनोज शुक्ला,गंगा प्रसाद,हंसराज कुमार, धीरज शुक्ला, ज्ञान देव पाण्डेय, कुलदीप गौतम,मनीष सरोज, शिवकुमार पासी,गुड्डू गौतम, रामरसजन ,सोनू, नथई, गुजरातिया देवी, पुरुषोत्तम, राकेश पाल,सहित तमाम लोग उपस्थित रहे.तथा 15 अप्रैल को कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अपना कार्यभार संभालने के लिए कन्हा पैलेस मंझनपुर में सभी कांग्रेसियों को शामिल होने के लिए 11:00 बजे सभी को मंझनपुर मुख्यालय पहुंचने की अपील की गई आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल होकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक कार्यक्रम बनाने में योगदान करें

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब



**चायल, कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा में भारतीय संविधान के शिल्पकार डाक्ट भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती पर बड़ी बड़ी धूमधाम से चायल कस्बा के अम्बेडकर नगर से वार्ड नं 3 गांधी नगर होते हुए पूरे कस्बे में घुमाया गया इस दौरान लगभग सैकड़ों लोग मौजूद रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए जुलूस निकाली गई जुलूस पुलिस की कड़ी सुरक्षा में निकली है इस दौरान पिपरी इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौजूद रहे इस दौरान जुलूस में अजय आर्मी लवर,निरंजन कुमार, बब्लू, जयसिंह शैलेंद्र कुमार राहुल,सूरज गौतम दिनेश गौतम, रोहित गौतम, चंद्रशेखर गौतम अनिल गौतम, सहित सैकड़ों अंबेडकरवादी मौजूद रहे।

# चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी ने बाबा साहब की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत कार्यालय अझुवा मे अधिशाषी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह,चेयरमैन शांती देवी कुशवाहा ने संविधान निमार्ता भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा कर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया उपरोक्त मौके पर चेयर मैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा,वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

### लाखों की दांव लगी जुएं की फड़ पर कोखराज पुलिस ने की छापेमारी

**आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार कई जुआड़ी दीवार फांदकर भाग निकले**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बालकमऊ गांव में बीते कई महीनों से जुआ की फड़ चल रही थी चर्चा है कि इस जुएं की फड़ में जनपद सहित अन्य जनपदों से जुआड़ी जुआ खेलने आते थे भरवारी क्षेत्र के एक जुआ संचालक के संरक्षण में जुआ की फड़ संचालित हो रही थी जहाँ पर लाखों का जुआ प्रतिदिन होता था। शनिवार की दोपहर को भी जुएं की फड़ पर जुआं चल रहा था। तभी सिंधिया चौकी पुलिस को किसी ने लाखों का जुआं होने की जानकारी दी। मुखबिर की सूचना पर सिंधिया चौकी प्रभारी नीरज उपाध्याय ने अपने हमराहियों संग जुएं की फड़ पर छापेमारी की तो हड़कम्प मच गया, कई जुआड़ी तो दीवार फांदकर भाग निकले,पुलिस ने मौके से चार जुआड़ियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया और तलाशी के दौरान ताश की गड्डी व जुएं की फड़ से हजारों रुपए भी बरामद किये। पकड़े गये जुआड़ियों को थाने ले जाकर पुलिस पूछताछ लिखापढ़ी कर रही है।

# रेल लाइन पर मिली लाश की हुई शिनाख्त

बेटी के घर जाते वक्त बिदनपुर स्टेशन पर ट्रेन की टक्कर से महिला की हुई थी दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रेन की टक्कर से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई मृतक महिला के हाथ में बिंदेश्वरी प्रसाद लिखा हुआ है पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था रविवार को महिला के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर महिला की शिनाख्त कर लिया है परिजनों ने बताया कि महिला अनारकली पत्नी बिंदेश्वरी प्रसाद रविदास निवासी गिरधरपुर बम्हरौली थाना कोखराज शनिवार को अपनी बेटी के घर टिकरडीह टिकरी ग्राम जा रही थी ट्रेन के टक्कर से उसकी मौत हो गई है महिला के कपड़ों को परिवार के लोगों ने पहचान कर लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर गांव के पास शनिवार को अजमेर सियालदह एक्सप्रेस से एक 35 वर्षीय महिला की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई है,महिला ने लाल रंग का कपड़ा पहन रखा है और उसके हाथ में बिंदेश्वरी प्रसाद लिखा हुआ है,काफी जानकारी देने के बावजूद घटना के वक्त महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई थी रविवार को परिवार के लोगों ने महिला के कपड़े से उसकी शिनाख्त कर ली है परिवार के लोगों ने बताया कि महिला अपने घर से बेटी के घर टिकरडीह टिकरी गांव जा रही थी जो हादसे का शिकार हो गई है महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर डीएम ने किया माल्यार्पण



**कौशाम्बी।** संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने सम्राट उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड व प्रबुद्ध सिंह, उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी डॉ0 भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने विश्व भर के संविधानों का गहन अध्ययन कर भारतीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सबसे बेहतर संविधान का निर्माण किया। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी ने शोषित,दलित,पिछड़े व सर्व समाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनदर्शन तथा आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होंगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लगाए जय भीम के नारे

**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा में बड़े ही धूमधाम बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जन्म जयंती मनाई गई। बाबा साहेब की जन्म जयंती के इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष जग नारायण पासी ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय भीम के नारे लगा कर किया। बाबा साहब देश के ऐसे एक महान शख्स थे, जिनकी तुलना किसी और से नही की जा सकती क्योंकि बाबा साहब भारतीय संविधान के निमार्ता, ज्ञान के प्रतीक, महान समाज सुधारक, दलितों शोषितों और महिलाओं को समानता दिलाने वाले और देश के प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से पूरे देश में मनाई जाती है इसी कड़ी में नगर पंचायत चरवा में भी बड़ी संख्या में नगरवासी एकत्रित हुए और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन मनाया। नगर पंचायत चरवा के सभी वर्गों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बाबा साहेब की गाजे बाजे के साथ रैली भी निकाली गई जिसमे बड़ी संख्या में बड़े बुजुर्ग युवा नौजवान शामिल हुए इस दौरान नगर पंचायत चरवा के सभी वार्ड के सभासदों के साथ राम सारण निर्मल, राजू पासी, अरुण कुमार गौतम, विकास शाक्य, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष कुमार, मनोज कुमार सहित नगर पंचायत चरवा के तमाम लोग मौजूद रहे।

# कैराना के बाद कौशांबी में भाजपा प्रत्याशी का विरोध

**अखंड भारत संदेश**

सैय्यद कहे जाने को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों में आक्रोश

बसुहार के शिव पांडेय ने जनेऊ का किया त्याग, हिंदू धर्म का त्योहार भी नहीं मनाएंगे

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश की विभिन्न संसदीय सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का लगातार विरोध हो रहा है। कैराना के बाद अब कौशांबी में भी बीजेपी उम्मीदवार और मौजूदा सांसद को जन आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। यहां सांसद की खिलाफत ब्राह्मण समाज के लोग कर रहे हैं। सियासत के जानकर इसे सांसद के लिए अशुभ संकेत बता रहे हैं। दरअसल पिछले दिनों भाजपा के कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने विवादित बयान देते हुए ब्राह्मण समाज के लोगों को सैय्यद कहा था। उन्होंने कई और बिरादरी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। यही बयान चुनावी बेला में अब सांसद विनोद सोनकर के लिए जी का जंजाल बन गया है। ब्राह्मण समाज के लोग उनका खुला विरोध कर रहे हैं। चायल विधानसभा क्षेत्र के बसुहार निवासी पंडित शिव पांडेय ने तो सार्वजनिक तौर पर जनेऊ का त्याग कर दिया है। बकायदे वीडियो जारी कर उन्होंने कहा है कि जब तक कौशांबी में विनोद सोनकर सांसद रहेंगे, तब तक जनेऊ धारण नहीं करेंगे। साथ ही हिंदू धर्म का कोई त्योहार भी नहीं मनाएंगे। राजनीति के जानकारों का कहना है कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग की इतनी नाराजगी सांसद के लिए घातक हो सकती है।

# अंबेडकर जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन

कई किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन रहा चौकस

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशांबी** भारतीय संविधान के जनक एवं आधुनिक भारत के राष्ट्र निर्माण था भारत रत्न से सम्मान आईटी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती पर कुलदीप कुमार ,संदीप कुमार, अखिलेश रावत, मनोज गौतम के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन हुआ यह शोभा यात्रा डीजे की धुन पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने ग्राम सभा भैराएं से होकर ग्राम सभा टांडा, नादेमई, कानेमई होते हुए बहुआ से नगर पंचायत अझुवा में प्रवेश की है शोभायात्रा के स्वागत में जगह-जगह स्वल्पाहार जलपान की व्यवस्था किए थे इस दौरान कई जगह महा ज्ञानी बोधि सत्व, महामानव ,महान अर्थशास्त्री, सिंबल ऑफ नॉलेज कलम के बादशाह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर लोगों ने शोभायात्रा में रखी प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग होकर शोभा यात्रा वार्ड नंबर 3 के निवासी अशोक गौतम के आवास पहुंची है जहां स्वल्पा हार कर शोभायात्रा आगे बढ़ गई अशोक गौतम के आवास पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने केक काटकर उनकी शान में कसीदे बताए हैं उन्होंने कहा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर अपने जमाने के सबसे पढ़े-लिखे व्यक्तियों में से एक थे उनका विशाल ज्ञान संविधान निर्माण में काम आया आज इसी संविधान से पूरे देश की व्यवस्था चल रही है डॉ आंबेडकर एक महान राजनीतिज्ञ नेता ,दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद बहुभाषी विद ,धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे जिन्होंने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया इस दौरान एसडीएम महेंद्र श्रीवास्तव सीओ अवधेश विश्वकर्मा, इंस्पेक्टर जेके शर्मा चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चाकू मारकर बीबी को जान से मारने का प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**महगांव कौशाम्बी।** दहेज उत्पीड़न के मामले खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार और प्रशासन के इतने सख्त कानून व्यवस्था के बावजूद इस कुरीति पर लगाम लगाने में आखिर पुलिस प्रशासन क्यों नाकाम साबित होती हैं ताजा मामला संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काशिया पूरब गांव का सामने आया है, जहां दहेज के लिए दहेज लोभियों ने इंसानियत की सारी हदें पार कर दिया शनिवार को विवाहिता को बंधक बनाकर दहेज के लिए ससुरालियों ने कहर बरपाया। विवाहिता को लात घूसा लोहे की रॉड से और चाकू मारकर जान से मारने का प्रयास किया है जिससे विवाहिता के हाथ वा शरीर पर गम्भीर चोटे आई है। मिली जानकारी के मुताबिक पांच महीने पहले सना का निकाह उसके मामा पप्पू पुत्र स्व. मो० हनीम निवासी बडनपुर थाना थरवई ने काशिया पूरब गांव के आरिफ उर्फ जावेद पुत्र राईस के साथ किया था सना के मुताबिक शादी के कुछ ही दिनों के बाद से सना का पति आरिफ उर्फ जावेद व उसका ससुर राईस, सास परमीन, व देवर शाहिल व छोटू पुत्रगण राईस दहेज में एक बुलट मोटरसाइकिल व एक लाख रुपए की मांग करने लगे शादी के कुछ दिनों बाद से ही सना पर उसके पति व ससुराल वाले और दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे दहेज की मांग पूरी न होने पर बीते शनिवार को उसे जान से मारने के लिए मारपीट कर बंधक बना लिया गया और चाकू से हमला कर दिया घटना की सुचना फोन के माध्यम से पडोसियो ने जब सना के मामा पप्पू को दी तो पप्पू सना के घर पहुंचा तो किसी तरह से सना की जान बच पाई मामले की शिकायती प्रार्थना पत्र संदीपन घाट थाना प्रभारी को दी गई हालाकि पुलिस द्वारा महिला के शरीर पर गम्भीर चोट देखने के बाद भी जांच का आश्वासन देकर मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया।

### दो बालिकाओं को पुलिस ने किया बरामद

**अझुवा कौशाम्बी** गायब दो बालिकाओं को सैनी कोतवाली पुलिस ने बरामद कर लिया है थाना सैनी पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 134/24 धारा 363 भदवि कि पीड़िता समरीन बनो पुत्री असगर अली निवासी कानेमाई थाना सैनी उम्र 15 वर्ष व फिजा बानो पुत्री सरवर अली निवासी उमरा गिरिया थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर उम्र 13 वर्ष को चौकी प्रभारी अझुवा पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है पुलिस द्वारा विधि कार्यवाही की जा रही है थाना सैनी ।

### मां बेटी सहित चार लोगों पर दबंगों ने किया हमला

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाका गांव में रविवार को दबंगों ने मां बेटी सहित चार लोगों पर लाठी डंडे कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है जिससे मां बेटी सहित चारों लोग लहूलुहान हो गए हैं घटनास्थल पर कोहराम मच गया है मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है बढ़ती भीड़ देख हमलावर ललकारते हुए फरार हो गए हैं इस हमले में बृजबली पुत्र सलिक राम वा सालिक राम पुत्र शिवराम वा मालती पत्नी धर्मराज वा ज्योति पुत्री धर्मराज लहूलुहान हो गए हैं एंबुलेंस 108 के जरिए घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

### बेकाबू ट्रक ने मारी बाइक सवार को टक्कर दो घायल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत रसूलपुर गिरसा चौराहे के पास एक अज्ञात ट्रक ने दोपहिया वाहन पर सवार रमेन्द्र उम्र 20 वर्ष पुत्र सुदामा और बउआ उम्र 18 वर्ष पुत्र सत्यभवन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों छिटककर दूर जा गिरे जिससे दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोटे आ गयीं। उसी रास्ते से गुजर रहे राहगीर राजन ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल मंझनपुर मे भर्ती करवाया।

# डीएम-एसपी ने मनाई डॉ अम्बेडकर जयंती

## वंचितों को पहुंचाना है लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपने-अपने कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई। रविवार को अम्बेडकर जयंती पर जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ अंबेडकर का जन्म छोटे से जिले में छोटे परिवार में हुआ था। उस समय शिक्षा का अभाव था। उन्होंने सर्वोच्च शिक्षा लंदन में प्राप्त की। समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी विद्वता को देखते हुए भारत का संविधान बनाने की जिम्मेदारी दी गई। जिन लोगों को समाज में अधिकार नहीं मिला था, संविधान की रचना कर अधिकार दिलाया। सामाजिक न्याय व अवधारणा के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता को लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो मुख्य धारा से हटे हैं, कैसे सम्मान दें।

जिले में दूरस्थ क्षेत्र में अभी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा। सब मिलकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे। समान अवसर देने के कार्य करें, तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि डॉ अंबेडकर ऐसी



डॉ अम्बेडकर पर बोलते एसपी।

प्रतिभा थी, देश कैसे स्वतंत्र हुआ, देश कैसे चले उसके लिए संविधान बनाया। स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के बतौर उन्होंने संविधान बनाया। ऐसी महान शख्सियत को नमन किया। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने शिक्षा को महत्व दिया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉ अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलकर जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करें, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर एएसडीएम मोहम्मद जसीम, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह समेत संबंधित अधिकारी कलेक्ट्रेट व कोषागार अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।इसी क्रम में राजकीय संप्रेषण गृह किशोर कर्वी में डॉ अंबेडकर जयंती का शुभारंभ सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने सभी संवासियों को डॉ अंबेडकर के योगदान के बारे में बताया। उनके बताये मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। संचालन योगाचार्य संजय कुमार ने किया। इस मौके पर रामहित, राहुल, दीपचंद, सिपाही मुस्तकीम, दीवान धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने डॉ अम्बेडकर की 133वीं जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी एलआईयू सूर्यकान्त अरुण राय, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निशिकान्त राय, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, वाचक पारितोष दीक्षित, डायल 112 प्रभारी शिवमूरत यादव व पुलिस कार्यालय में मौजूद सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी। पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब डा अम्बेडकर के जीवन एवं कृतित्व पर रोशनी डाली।

# आगामी कालखंड में फूलों से सजेगा कामतानाथ पर्वत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत कामतानाथ परिक्रमा स्थित लालबाई आश्रम के सामने 111वां स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता समिति जन जागरूकता से अभियान चला रही है। स्वच्छता के प्रति लोग जिम्मेदार बनें, अपनी भी जिम्मेदारी समझें। आने वाले समय में उम्मीद है कि कामतानाथ पर्वत फूलों से सजेगा। स्वच्छ भारत अभियान ऐसा अभियान है लोग संकल्प ले कि मंदाकिनी नदी में कचरा नहीं डालेंगे। कामतानाथ पर्वत को स्वच्छ रखने में सहयोग करेंगे। चित्रकूट धाम में दो स्थल हैं- प्रशासन के साथ जिम्मेदारी बनती है कि मां मंदाकिनी व कामतानाथ पर्वत स्वच्छ रखें। सहयोग नहीं कर सकते तो सहयोग करें कि पुल पर से मंदाकिनी नदी में घर का कूड़ा न डालें। कामतानाथ की ओर भी कूड़ा न डालें। अभियान में नगर पालिका कर्मी, जितेंद्र केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, मनोज कुमार, वन विभाग से रसूल बख्श ने सहयोग किया।

# जबलपुर से हरिद्वार फिर चलेगी ट्रेन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री/समाज सेवी हरिशंकर गुप्ता ने रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे को लिखे पत्र में जबलपुर से हरिद्वार ट्रेन संचालन पुनः करने की मांग कर रहे थे। रेल मंत्री ने मांग मंजूर कर ली। रविवार को जिला मंत्री/संगठन के सभी पदाधिकारी ने रेल मंत्री आदि का आभार जताया। व्यापारियों व आम जनता साधु-संतों ने खुशी जताई। प्रभु श्रीराम की नगरी से हरिद्वार, ऋषिकेश चारोंधाम की यात्रा सुगम होगी। लोग केदारनाथ बद्रीधाम भी जा सकेंगे। मुरादाबाद से नीम करोली धाम सीधी यात्रा को भी जा सकते हैं। अगले माह मई में केदारनाथ एवं बद्री धाम के पट भी खुल रहे हैं। श्रद्धालुओं व आमजनता को चारों धाम की यात्रा का सुगम अवसर मिलेगा। जिला मंत्री ने बताया कि



जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता।

ये ट्रेन 17 अप्रैल से जबलपुर से हरिद्वार को रवाना होगी। अभी ट्रेन के 16-16 चक्कर लगेंगे। रेल मंत्री को पुनः अवगत करायेंगे कि इस ट्रेन का नियमित साप्ताहिक संचालन किया जाये। कोविड से पहले जैसी ट्रेन चित्रकूट धाम से हरिद्वार, अयोध्या, उज्जैन तीर्थ जुड़ रहे हैं, इस ट्रेन का संचालन नियमित होने से राजस्व बढ़ेगा। बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास होगा। ट्रेन संचालन जबलपुर से 17 अप्रैल बुधवार शाम 6.55 से चलकर 21.40 को सतना पहुंचेगी।

# संकल्प दिवस के रूप में मनी डॉ अंबेडकर जयंती

## श्रेष्ठ छात्र व सेवानिवृत्त शिक्षक हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डॉ बीआर अंबेडकर जयंती समिति ने भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में संविधान निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 133वीं जयंती सवेरे नौ बजे पटेल तिराहा से गाजे-बाजे व घोड़े बग्घी समेत शोभायात्रा निकाली। त्रिरत्न पंचशील बुद्ध वंदना से शोभायात्रा शुरु हुई।

रविवार को समारोह की अध्यक्षता डा ज्ञानचंद बौद्ध ने की। शुभारम्भ त्रिसरण पंचशील बुद्ध वंदना से बौद्ध भिक्षु व गया प्रसाद बौद्ध ने मौजूद धम्म बन्धुओं से कराया। पाली भाषा का हिंदी अनुवाद कर लोगों के समक्ष त्रिरत्न बुद्ध-दुख मुक्ति का रास्ता। धम्म-दुख मुक्ति का मार्ग त्रिसरण पंचशील अष्टांगिक मार्ग न्याय स्वतंत्रता क्षमता और बंता तथा एक मानव दूसरे मानव के साथ व्यवहार की शिक्षा संघ बुद्ध मार्ग पर चलने वालों का




छात्रों को सम्मानित करते अतिथि।

समूह, समाज में फैली कुरीतियों अशिक्षा, दहेज, अंधविश्वास, आडंबर, पाखंड, नशाखोरी को त्याग कर शीलों का पालन करे। डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करने को कहा। समाज में शिक्षा ही समानता ला सकती है। मनुष्य शिक्षित होता है तो उसमें सोचने की शक्ति पैदा होती है। वह न खुद पर अत्याचार सह सकता है, न दूसरों पर अत्याचार होते देख सकता है। समारोह में प्रज्ञा बौद्ध छात्रा ने डॉ अंबेडकर जीवन संघर्ष पर गीत पेश किया। आलोक बौद्ध ने भाषण में बाबा साहेब के जीवन संघर्ष का परिचय दिया। गार्गी गुप्ता भरतकूप की छात्रा ने संविधान की प्रस्तावना समूह को दोहरवाई। अध्यक्षता करते हुए ज्ञानचंद बौद्ध ने कहा कि डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करें। समारोह में दिनेश कुमार, मतगंजन प्रसाद, इं गिरीश माहौर, दिनेश कुमार सनेही, माता प्रसाद पूर्व शिक्षक, सुंदरलाल, इं गुरु प्रसाद आदि ने संबोधित किया। डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में सफल परीक्षार्थी, प्रदेश एवं जिले में स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। प्रदेश में दूसरा स्थान पाने वाली कु कीर्ति मिश्रा राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज सरधुवा को सात हजार नगद पुरस्कार दिया। सांत्वना पुरस्कार धर्मेंद्र यादव को एक हजार मिला। हर्ष पांडे, प्रिंसी सिंह, रक्षा यादव, भरतकूप की गार्गी गुप्ता, हिमांशु, सरस्वती, कमल, रेशमा पडरी को जूनियर वर्ग में सांत्वना पुरस्कार मिले। सीनियर वर्ग में जिले में पहला स्थान कीर्तिराज भरतकूप, करण यादव सरधुवा, अनुज कुमार चित्रकूट इंटर कालेज, अंतिम कुमार पालेश्वर इंटर कालेज पहाड़ी, स्वतंत्र कुमार पहाड़ी, अनीता तथा केंद्र स्तर पर तन्नू देवी को पुरस्कार मिले। मार्च 2024 को सेवा निवृत शिक्षकों को भी सम्मानित किया। जैनुलाब्दीन, बालकृष्ण चतुर्वेदी, हेमेशचन्द्र श्रीवास्तव, दशरथ प्रसाद, बद्रीप्रसाद, चन्द्रभान आदि सम्मानित हुए। इस मौके पर शिव प्रसाद, भैयालाल, जाहर सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश शंकर, शंकरदीन, कमलेश कुमार, कपिल गौतम, रामलखन, विजय कुमार, चंद्र प्रकाश वर्मा, रेवती, विमल कुमार बौद्ध, प्रेमलता, गीता वर्मा, नगीना कुमारी, डॉ सुदामा प्रसाद, दीपक कुमार, संघमित्रा, रोहित, रितिक, शिवनारायन वर्मा, अजय कुमार त्यागी, सुरेश चंद्र आदि हजारों महिलाओं, बच्चे, वृद्ध, नौजवान ने सहयोग किया। संचालन विनोद कुमार वर्मा व विश्व दीप सुमन ने किया।

# एसपी के निर्देश पर छह वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने छह वारंटी दबोचे हैं।

रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल पाण्डेय ने सिपाही विकाश यादव के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राममोहन श्रीवास्तव एसडीएम कालोनी, भैंरो पुत्र चुन्ना शोभा सिंह पुरवा को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने सिपाही सुरेन्द्र कुमार के साथ घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी के वारंटी राजा पुत्र इमामुद्दीन दुर्गाकुंज को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने सिपाही अतुल परिहार के साथ घर में घुसकर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी राजेन्द्र प्रजापति पुत्र भगवानदीन कटरा गूदर को गिरफ्तार किया। चौकी सीतापुर के दरोगा उमाशंकर यादव ने सिपाही अभिषेक सिंह, अमर सिंह व महिला सिपाही राखी के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व एससी/एसटी एक्ट के वारंटी मुखिया उर्फ मुकेश पुत्र राजकरन चितरा गोकुलपुर को गिरफ्तार किया। बहिलपुरवा थाने के दरोगा सुशील चन्द्र निगम ने दरोगा यूटी अनुभव वर्मा, सिपाही रोहित सिंह व जिन्तेद्र मौर्य के साथ चोरी, माल बरामद व जालसाजी के वारंटी संजय दर्जी पुत्र बल्देव प्रसाद रुखमा खुर्द को गिरफ्तार किया।

# 151 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परम पूज्य सदगुरुदेव श्री रणछोड़दास महाराज के कर कमलों से जानकीकुण्ड में स्थापित गुरुकुल श्री राम संस्कृत महाविद्यालय में श्री रघुवीर मन्दिर बड़ी गुफा के 151 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ।

रविवार को ग्रहशांति यज्ञ, गुरुपूजन, मंत्रदीक्षा, दण्डधारण एवं भिक्षाटन के विधान मंदिर परिसर में आचार्यों के निर्देश पर 151 बटुकों के माता-पिता, गुरुकुल के आचार्य, सदगुरु परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में श्री राम संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार बाद ही गुरुकुल के विद्यार्थियों को वेद-



उपनयन संस्कार में मौजूद बटुक।

शास्त्रों का अध्ययन का अधिकार मिलता है। प्राचीन वैदिक-सनातन परम्परा में ये ब्रह्मचर्य आश्रम की आवश्यक क्रिया एवं सोलह संस्कारों में से एक है। उपनयन को शास्त्रों में द्विज का दूसरा जन्म भी माना गया है। इस मौके पर श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विषद भाई मफतलाल की धर्म पत्नी रूपल बहन, ट्रस्टी डॉ बीके जैन, अध्यक्षा उषा जैन समेत अलग प्रांतों से आए गुरु भाई-बहन, आचार्य, विद्यार्थी, अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# यूपी-एमपी के जंगल में बढ रहा बाघों का कुनबा



जंगल में विचरण करते बाघ।

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगल से सटे एमपी के मझगवां वनपरिक्षेत्र के सरभंगा जंगल मे बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया। छह वर्षीय चितहरा वाली बाघिन ने दूसरी बार शावको को जन्म दिया है। बाघों के कुनबे मे लगातार बढोतरी से वन विभाग व पर्यावरण प्रेमियों ने खुशी जताई है। रविवार को शावकों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई है। यूपी-एमपी के तराई क्षेत्र के जंगलों मे लगातार बाघों के कुनबे मे वृद्धि हो रही है। मझगवां रेंज के जंगलों में एक दर्जन के करीब बाघों की तादाद हो गई है। यूपी-एमपी जंगलों मे ये बाघ स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। बढ़ती तादाद के मद्देनजर वन विभाग को इनकी सुरक्षा की भी चिन्ता सता रही है। तराई के जंगल रोमांच पैदा करते हैं। बाघों के लिए ये जंगल मुफीद बनते जा रहे हैं। बाघों की घटती तादाद को लेकर हर कोई चिंतित था। तराई जंगल से अब अच्छे संकेत मिल रहे हैं।

# भाजपा-सपा-बसपा-आप व भाकपा ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा, सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी व भाकपा ने डॉ अम्बेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई।

रविवार को भाजपा ने 11 मंडलों के 851 बूथो पर संविधान निर्माता डा भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने खोह गांव में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। समरसता भोज किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के बनाये संविधान से देश चल रहा है। बाबा साहब ने शोषित वंचितो को समाज में बराबरी का सम्मान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज



जयंती मनाते राजनैतिक दल।

अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जयसवाल, अंजू बर्मा, दिब्या त्रिपाठी, महेन्द्र कोटार्य, बृजेश पाडे, संजय पांडे, कैलाश रलिहा, अभिषेक ओझा, राखी चैबे, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव व विधायक अनिल प्रधान ने सपा जिला कार्यालय में डॉ अम्बेडकर की जयंती मनाई। इस मौके पर मो अरशद खान, निजामुद्दीन, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, नरेन्द्र यादव, सीताराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी ने पुरानी कोतवाली मैदान में परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बतौर मुख्य अतिथि कौशल कुमार एड/मंडल प्रभारी बांदा की अध्यक्षता में मनाई। जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने अध्यक्षता की। इस मौके पर डीडीसी शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद कुमार वर्मा, जमुना प्रसाद पाल, दिनेश चंद्र वर्मा, राम विशाल वर्मा, सोनपाल वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, राजा सोनकर, राजेश रैकवार, श्यामलाल, गया प्रसाद सविता, मीरा भारती, फूल कुमार वर्मा, हनुमान प्रताप, शिवराज, वरुण कुमार वर्मा, लाल सिंह, मिर्चीलाल पासी, जगत सिंह पटेल, जगदीश यादव, सहादेव कुशवाहा, राम भजन वर्मा आदि मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे देश में बाबा साहेब जयंती पर संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ के रुप में मना रही है। इस मौके पर प्रांत महासचिव अंकित सिंह पटेल, श्याम बाबू त्रिपाठी, लवलेश केसरवानी, जितेन्द्र गोयल, अनुरुद्ध सिंह यादव, सुमन विश्वकर्मा, आभा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

भाकपा जिला सचिव का अमित यादव एड ने भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर का चन्द्रपाल पाल, का महेंद्र प्रताप वर्मा, का रामू यादव, का महेन्द्र सिंह, का सुशील सिंह, कमलेश, का राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# बच्ची को एक घंटे में बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपहृतों एवं गुमशुदा की बरामदगी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्य की अगुवाई में बरगढ़ पुलिस ने घर से बाहर खेलने गयी।

बच्ची को बरामद कर परिजन के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि रविवार को यशोदा देवी पत्नी स्व अशोक कुमार जमिरा कालोनी ने थाने में सूचना दी कि कुमारी



परिजनों को बच्ची सौंपती पुलिस।

दुखी प्रजापति (8) पुत्री स्व सियाराम प्रजापति वर्ष घर से खेलते-खेलते कही गुम हो गई है। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ ने संज्ञान में लेकर बच्ची की बरामदगी को खुद प्रयास कर एक घंटे में बच्ची को गांव से ही बरामद कर महिला सिपाही समीक्षा यादव की देखरेख में महिला हेल्पडेस्क पर बैठाया। बच्ची की दादी यशोदा देवी को बुलाकर उसके सुपुर्द किया। बच्ची को पाकर दादी के चेहरे की मुस्कान लौट आई। टीम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य, सिपाही अखिलेश कुमार व महिला सिपाही समीक्षा यादव शामिल रहे।

# भाई ने की भाई की हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाना क्षेत्र के भदेहदू गांव में भाई ने सगे भाई की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। हत्या बाद शव के साथ कमरे में बैठा है। पुलिस उसे कमरे से निकालने के प्रयास में जुटी है। हत्या की ये घटना रविवार को अपरान्ह हुई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भदेहदू गांव में हनुमत मिश्रा ने अपने सगे भाई लाखन मिश्रा की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि हत्यारा मानसिक रुप से विक्षिप्त है। पुलिस शव की बरामदगी व हत्यारे की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# एसपी के निर्देश पर चार पर गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले चार लोगों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

रविवार को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने बुद्धविलास उर्फ बडन उर्फ बडा भइया पुत्र शत्रुजीत रामपुर कल्याणगढ़, कपिल सोनकर पुत्र संतोष पटा पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# पुलिस ने सात जुआरी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा राजोल नागर की टीम ने ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते सात जुआरियों को दबोचा है।

रविवार को मानिकपुर पुलिस ने छापेमारी कर गोलू कुमार पुत्र अर्जुन चमदुलिया थाना गोला जिला रोहतास बिहार, विक्रम कुमार पुत्र पुष्पराम कृष्णदन्तपुर थाना राजातालाब जिला वाराणसी, राणाप्रताप सोनकर उर्फ लवकुश पुत्र केशव सोनकर, उमेश वर्नवाल पुत्र स्व ईश्वरदयाल आसनसोल थाना नार्थ जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल, विनोद कुमार पुत्र रामसागर सुजातपुर थाना गोपीगंज जिला भदोही, राजकुमार पुत्र रामचन्द्र पुरुषोत्तमपुर थाना औराई जिला भदोही व अर्जुन गुप्ता पुत्र मिठाईलाल बिटठलपुर थाना औराई जिला भदौही हाल पता शास्त्रीनगर कस्बा मानिकपुर को गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 3270 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 1030 रुपये बरामद किये। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा राजोल नागर, दरोगा यूटी सौरक्ष, सिपाही दीपेश यादव, विनोद यादव व अमित द्विवेदी शामिल रहे।

# ईरान ने इजराइल पर किया ड्रोन, मिसाइल से हमला



**यरूशलम।** ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से शनिवार रात और रविवार तड़के इजराइल पर हमला किया जिसके बाद पूरे इजरायल में हवाई हमले की चेतावनी जारी कर दी गई।

हमले मुख्य रूप से यरूशलेम, दक्षिण में नेगेव रेगिस्तान और डेड सी, उत्तर में इजरायली-कब्जे वाले गोलन हाइट्स और साथ ही कब्जे वाले वेस्ट बैंक में किए गए।

इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की कि इजरायल पर ईरान से बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया गया है। उन्होंने कहा, हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ मिसाइलों को रोक दिया है।

इजराइल के कान टीवी समाचार ने बताया कि लॉन्च किए गए लगभग 400-500 में से लगभग 100 ड्रोन को अमेरिका, जॉर्डन और ब्रिटिश सेनाओं सहित सहयोगी देशों द्वारा इजराइल पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवा ने एक बयान में कहा कि नेगेव के बेडुइन गांव में 10 साल का एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तरी इजरायल के एक अरब शहर उम्म अल फहम के पास मिसाइल के कुछ हिस्से गिरे, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। कान टीवी समाचार ने एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी का हवाला देते हुए रविवार को बताया कि इजराइल ईरानी हवाई हमले का जवाब देने की योजना बना रहा है। अधिकारी ने कहा, "ईरान ने पहली बार अपनी धरती से इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं, इसका जवाब दिया जाएगा, जल्द ही।" ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने शनिवार रात एक बयान में पुष्टि की कि उसने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं। कान टीवी समाचार ने बताया कि ड्रोन ईरान के साथ-साथ ईरान के मित्र देशों से भी लॉन्च किए गए। इजरायली सेना ने पहले एक बयान में कहा था कि "आईडीएफ हाई अलर्ट पर है, साथ ही इजरायली वायु सेना के लड़ाकू जेट और इजरायली नौसेना के जहाज भी रक्षा मिशन पर हैं"। इस बीच, दो इजरायली अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर सिन्हुआ समाचार एजेंसी से पुष्टि की कि ईरान से इजरायल की ओर कई क्रूज मिसाइलें भी लॉन्च की गईं।

अप्रैल की शुरूआत में सीरिया के दमिश्क में ईरानी कांसुलर भवन में सात ईरानी अधिकारियों की हत्या का बदला लेने के लिए ईरान ने इजरायल पर हमले किए हैं।

# इंडोनेशिया में भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत, तीन लापता



**ताना तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से प्रभावित घरों में से एक में पारिवारिक समारोह हो रहा था। मुंडू ने कहा कि दर्जनों सैनिक, पुलिसकर्मी और स्वयंसेवकों को दूरदराज के पहाड़ों के गांवों में लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान में लगाया गया।

रविवार तड़के बचावकर्मी एक आठ साल की बच्ची सहित दो घायलों को जिंदा बाहर निकालने में कामयाब रहे। सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बचावकर्मियों ने रविवार दोपहर तक मकाले गांव में कम से कम 11 शव और दक्षिण मकाले में तीन शव बरामद कर लिए थे और तीन साल की बच्ची सहित तीन अन्य की अभी भी तलाश जारी है।

## भारतीय कैदी सरबजीत सिंह के हत्यारे की पाकिस्तान में गोली मारकर हत्या

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में हमला किया और उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिख समुदाय को बैसाखी की बधाई दी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी त्योहार के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग 3,000 भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान विभिन्न आस्थाओं और संस्कृतियों का एक सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है।

शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान सरकार और उसकी प्रांतीय सरकारें बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी। सिखों के धार्मिक त्योहार बैसाखी मेले का मुख्य आयोजन रविवार को हसन अब्दाल के गुरुद्वारा पंजा साहिब में होगा। इसमें भारत समेत दुनिया भर से हजारों सिख श्रद्धालु भाग लेंगे। पाकिस्तान ने 2,843 भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को वीजा दिया है, जिससे उन्हें बैसाखी मेला और खालसा जन्म दिवस के उत्सव में शामिल होने का अवसर मिला है। तीर्थयात्री रविवार को पंजाब प्रांत के गुरुद्वारा पंजा साहिब में बैसाखी मेले के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## पुलिस ने सिडनी में छह लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान की

**सिडनी ।** पुलिस ने सिडनी के एक भीड़भाड़ वाले शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला कर छह लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान कर ली है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने रविवार को बताया कि शहर के बॉण्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में शनिवार दोपहर को हुए हमले के लिए जोएल कॉची (40) जिम्मेदार है।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने की इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा, रोकने का आग्रह



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को इजराइल के खिलाफ ईरान के हवाई हमले की निंदा की और इसे तत्काल रोकने का आग्रह किया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सामने आई।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक यूएन प्रमुख ने कहा, "मैं आज शाम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान द्वारा इजराइल पर किए हमले की कड़ी निंदा करता हूं और इसे रोकने का आह्वान करता हूं।" गुटेरेस ने कहा,"मैं सभी पक्षों से ऐसी कार्रवाई से बचने के लिए अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करता हूं। ये हमले मध्य पूर्व में बड़े सैन्य टकराव का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा, "मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।" ईरान ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में अपने राजनयिक केंद्र पर एक अप्रैल के हवाई हमले के जवाब में शनिवार को इजराइल के खिलाफ हवाई हमला शुरू कर दिया। इजराइली हमले में दो शीर्ष जनरलों सहित ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के सात सदस्य मारे गए थे।

## बैसाखी उत्सव में भाग लेने 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे



**लाहौर।** वार्षिक बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए करीब 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री वाघा सीमा के रास्ते शनिवार को लाहौर पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री एवं पाकिस्तान की गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार रामश सिंह ओरारा ने इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वाघा सीमा पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया।

ईटीपीबी के प्रवक्ता अमीर हाशमी ने कहा, गुरुद्वारा पंजा साहिब, हसनअबदाल में बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए आज करीब 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री यहां पहुंचे। हाशमी ने कहा कि उत्सव का मुख्य कार्यक्रम रविवार को होगा जिसमें 11,000 से अधिक स्थानीय और विदेशी सिख तीर्थयात्री पंजा साहिब में जुटेंगे।

## ईरान से पाकिस्तान जा रही मालगाड़ी पटरी से उतरी, दोनों देशों के बीच रेल परिचालन हुआ ठप



**कराची।** ईरान के सीमावर्ती शहर ताफ्तान से रसायन लेकर पाकिस्तान जा रही एक मालगाड़ी बलूचिस्तान प्रांत में पटरी से उतर गई, जिससे दोनों देशों के बीच रेल परिचालन ठप हो गया। यह हादसा शनिवार को बलूचिस्तान के तोजगी स्टेशन के पास हुआ। पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता आमिर बलूच ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यताफ्तान से करीब 70 किलोमीटर दूर रेलगाड़ी पटरी से उतर गई और हम आतंकवादी हमले की आशंका से इनकार नहीं कर रहे हैं।

यह रेलगाड़ी ईरान से फॉस्फोरस और अन्य रसायन लेकर पाकिस्तान जा रही थी, घटना से रेल इंजन को काफी नुकसान हुआ। इस घटना से पहले शुक्रवार रात प्रांत में नोशकी राजमार्ग पर आतंकवादियों ने पंजाब प्रांत के नौ मजदूरों का एक यात्री बस से अपहरण कर लिया था और उनकी हत्या कर दी थी। मजदूरों को ले जाने और उनकी हत्या करने से पहले आतंकवादियों ने उनके राष्ट्रीय पहचान पत्र से उनकी पहचान की थी। आतंकवादियों ने एक निजी वाहन में सवार दो अन्य लोगों की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## इजराइल-ईरान वार । भारतीय दूतावास ने जारी किया नया परामर्श, नागरिकों से की सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील



**तेल अवीव।** इजराइल में भारतीय दूतावास ने ईरान के हमलों के बाद अपने नागरिकों के लिए रविवार को एक नया महत्वपूर्ण परामर्श जारी कर उन्हें शांतचित्त रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन की सलाह दी। ईरान ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए शनिवार को इजराइल पर हमला कर दिया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं। सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में दो ईरानी जनरल के मारे जाने के बाद इसने बदला लेने का प्रण लिया था।

भारतीय दूतावास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए महत्वपूर्ण परामर्श में कहा, क्षेत्र में हाल की घटनाओं के मद्देनजर इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को शांत रहने और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। उसने कहा, दूतावास स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है और वह हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजराइली प्राधिकारियों तथा भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है। उसने भारतीय नागरिकों से पहले से उपलब्ध एक लिंक के जरिये दूतावास के साथ पंजीकरण कराने का भी अनुरोध किया है।

## नेपाल में विदेशी नाम वाले स्कूलों की मान्यता रद्द होगी, 176 स्कूलों ने नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू की

**काठमांडू।** काठमांडू महानगरपालिका की चेतावनी के बाद करीब पौने दो सौ स्कूलों के विदेशी नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। काठमांडू के मेयर ने नेपाली मौलिकता और संस्कृति वाले नाम नहीं रखने पर नए शैक्षिक सत्र से विद्यालय की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी है। काठमांडू महानगरपालिका के मेयर ने करीब दो महीने पहले देश के 370 विदेशी नाम वाले विद्यालयों से अंग्रेजी नाम हटाने और नेपाली मौलिकता वाले नाम रखने का आग्रह किया गया था। महानगरपालिका की तरफ से लगातार तीन बार इस तरह की सूचना जारी करने के बाद भी स्कूल प्रशासन ने अनसुनी की। करीब 15 दिन पहले जब विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की चेतावनी सहित पत्र भेजा गया तब जाकर कई स्कूलों ने नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू की है।

# सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार गरीब छात्रों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे




**वाशिंगटन।** सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने कहा है कि वह भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों के दरवाजे तक शिक्षा पहुंचाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडियाः शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर 2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन में कुमार ने कहा कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध तकनीक को अपनाने का समय आ गया है।

कुमार ने कहा, अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रदर्शन किया। शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए, जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी अग्रणी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा। उन्होंने कहा कि कोविड ??महामारी के कारण आये व्यवधान ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। उन्होंने कहा, दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। वर्तमान परिदृश्य में भी, बहुत सारे बच्चे गरीबी के कारण दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता है, लेकिन शायद अवसर के अभाव के कारण उनकी प्रतिभा खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है। कुमार ने कहा कि इससे हर वंचित छात्र को शिक्षित देखने का उनका सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा, ह्रसबसे गरीब भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के हकदार हैं। प्रौद्योगिकी का सबसे अच्छा उपयोग यह सुनिश्चित करना होगा कि अवसर वंचितों तक पहुंचे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।